

श्री महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन


केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

वर्ष 13 अंक 273 | उज्जैन, शनिवार 18 मार्च 2023 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए


**सुविचार**

हारता वो है, जो शिकायत बार-बार करता है... और जीतता वो है, जो कोशिश हजार बार करता है...!

## न्यूज ब्रीफ

### 'राजभवन नो-कॉन्फ्लिक्ट जोन होना चाहिए', ममता सरकार के साथ बेहतर संबंधों पर बोले बंगाल के राज्यपाल

**कोलकाता/जीएनएस।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने द इंडियन एक्सप्रेस के आइडिया एक्सचेंज प्रोग्राम में शुक्रवार को कहा कि उनके कार्यालय और पश्चिम बंगाल में चुनी हुई सरकार के बीच संबंधों में सुधार एक प्रक्रिया का हिस्सा हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक राजभवन एक गैर-संघर्ष क्षेत्र बनना चाहिए।राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने पिछले साल नवंबर में कार्यभार संभाला था। जगदीप धनखड़ के कार्यकाल के दौरान राजभवन और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच लंबा संघर्ष और खींचतान देखा गया था। उनके बाद सी वी आनंद बोस राज्यपाल बनाए गए। उन्होने द इंडियन एक्सप्रेस के आइडिया एक्सचेंज प्रोग्राम के दौरान कहा कि टकराव के स्थान पर सुलह होनी चाहिए। समाज के लिए हमेशा बीच का रास्ता ही बेहतर लगता है। एक राजभवन को नो-कंफ्लिक्ट जोन बनना चाहिए।पिछले 23 नवंबर को सी वी आनंद बोस के कार्यभार संभालने के बाद बंगाल सरकार और राजभवन के बीच संबंधों में सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सौहार्दपूर्ण संबंधों को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते हुए राज्यपाल को एक सज्जन व्यक्ति कहा था। बंगाली सीखने के बोस के प्रयासों को राज्य में भी काफी सराहा गया।

### लोकसभा की तैयारी में जुटी कांग्रेस असम में बनाया जा रहा है गठबंधन कौन से दो बड़े दल नहीं होंगे साथ

**नईदिल्ली/जीएनएस।** 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले तमाम राजनीतिक दल कमर कसते हुए नजर आ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने भी मैदान में उतरने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। कांग्रेस असम में भाजपा से मुक़ाबला करने के लिए एक गठबंधन बनाने की कोशिश में जुटी दिखाई दे रही है। 2021 में विधानसभा चुनाव से पहले भी कांग्रेस ने भाजपा विरोधी 10 दलों का गठबंधन किया था। लेकिन इस बार कांग्रेस ने नौ दलों को एक बार फिर साथ लाने का प्रयास किया है। 2021 के गठबंधन से यह किस तरह अलग है और कौन से दो बड़े दल इस बार कांग्रेस के साथ नहीं होंगे, आइए समझते हैं। कांग्रेस ने 2021 में असम विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के खिलाफ पूरी तैयारी करते हुए दस संगठनों को अपने साथ जोड़ा था लेकिन इसके परिणाम बहुत ज्यादा बेहतर नहीं आए थे। इस गठबंधन में ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट , बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट ,, , राष्ट्रीय जनता दल , आंचलिक गण मोर्चा, और समुदाय आधारित पार्टियाँ जिमोचयन (देवरी) पीपुल्स पार्टी और आदिवासी राष्ट्रीय पार्टी शामिल थे।

### माफी पर गरमाई सियासत, हंगामे के चलते चौथे दिन भी नहीं चली संसद, कार्यवाही स्थगित

**नई दिल्ली/जीएनएस।** संसद के चालू बजट सत्र के दूसरे चरण में तीन दिन की कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ चुकी है। गुरुवार को चौथे दिन भी संसद नहीं चल सकी। राहुल गांधी के खिलाफ लंदन वाले बयान को लेकर बीजेपी हमलावर है, तो वहीं कांग्रेस इसे अडानी मुद्दे से, जेपीसी जांच की मांग से ध्यान भटकाने की कोशिश बता रही है। बीजेपी राहुल गांधी के माफी मांगने पर अड़ी है, तो वहीं कांग्रेस भी पीएम मोदी के पुराने बयान याद दिला दो टूक कह रही कि माफी का सवाल ही नहीं उठता। गुरुवार को संसद के दोनों ही सदनों की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के हंगामे के कारण 17 मार्च की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी ।

# देवरानी, जेठानी, मंजली और संजली को भी मिलेगा लाड़ली बहना योजना का लाभ- मुख्यमंत्री चौहान

**››मुख्यमंत्री ने किया अनकवाड़ी में 240.17 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास ››कनिका और दिव्यांश के उपचार की मंच से की घोषणा**

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने खरगोन की बहनों से कहा कि आज बड़ा सौभाग्य का दिन है। अपनी बहनों से मिलने उनका भैया आया है। खरगोन में बेटा-बेटी के बीच भेद नहीं किया जाता है, लेकिन सब दूर ऐसा नहीं है। मैंने मेरी बहनों का मान कम होता देखा तो पुरुषों के समान स्थान दिलाने के प्रयास किये हैं। पहले लाड़ली लक्ष्मी योजना, फिर माता-पिता को उनकी शादी का खर्च कम करने के लिए कन्या विवाह योजना प्रारम्भ की। इसके बाद अब मैंने मेरी बहनों के आर्थिक हालात सुधारने और छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने में मदद के उद्देश्य से लाड़ली बहना योजना लागू की है। योजना में देवरानी हो या जेठानी या मंजली या हो संजली सबको 1-1 हजार रुपये हर माह दिये जाएंगे। इस तरह तुम्हारा भैया पूरे 12 महीने बहनों के साथ रहेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज खरगोन जिले के अनकवाड़ी में लाड़ली बहना योजना और पेसा नियम जागरूकता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।



### राज्य शासन बनवायेगा प्रमाण पत्र, 25 मार्च से भरे जाएंगे आवेदन

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना के आवेदन भरने के लिए मेरी बहनों को धूप में नहीं जाने दिया जाएगा। आगामी 25 मार्च से गाँव-गाँव और नगरों के हर वार्ड में आवेदन भरे जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जब तक गाँव की एक-एक पात्र बहन का आवेदन नहीं भर दिया जाता तब तक शिविर उसी गाँव में लगा रहेगा। अप्रैल तक फार्म भरे जायेंगे, मई में जाँच होगी और 10 जून से खाते में पैसा आएगा।

### कनिका और दिव्यांश का होगा उपचार तो मनोज लगाएगा उद्योग

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान किया। उन्होंने विभिन्न हितग्राहियों को हितलाभ स्वीकृति पत्र भी सौंपे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना में कनिका और दिव्यांश के उपचार के लिए क्रमशः 1.41 और 1.50 लाख रुपये के स्वीकृति-पत्र प्रदान किये। इसके अलावा भगवानपुरा की आदिवासी मत्स्य सहकारी संस्था को 86 लाख 40 हजार रुपये का स्वीकृति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्री मनोज प्रजापति को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना में उद्योग लगाने के लिए 10 लाख रूपये का स्वीकृति-पत्र प्रदान किया। साथ ही पिपल्याबावड़ी की सलिताबाई को किसान क्रेडिट कार्ड योजना में 3 लाख रूपये, रेशमीबाई बालू को 2 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता, श्रीमती प्रेमलता चौहान को 155 स्व-सहायता समूह के बैंक लिंकेज के 418 लाख 53 हजार रूपये, चंद्रकांत जैन को गरम मसाले का स्व-रोजगार स्थापित करने के लिए 2 लाख रूपये, पुष्पा सांवले को राज्य सिविल सेवा प्रोत्साहन के लिए 20 हजार रुपए, भुवान सिंह सिसोदिया को भगवान बिरसा मुंडा स्व-रोजगार योजना में 1 लाख 70 हजार और बनहेर के अजय यादव को रैपर कम बाइंडर के लिए 2 लाख 50 हजार रुपये के स्वीकृति-पत्र प्रदान किये गए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान को जिला सहकारी बैंक के प्रबंध संचालक श्री राजेन्द्र आचार्य ने बैंक की अंशपूँजी 87 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ग्रामीण विकास अंतर्गत संचालित योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने पर भगवानपुरा जनपद सीईओ श्री पवन शाह को प्रशस्ति-पत्र दिया। वृक्षारोपण कार्य के लिए ग्राम पंचायत ठीबगाँव बुजुर्ग के रोजगार सहायक श्री महेन्द्र यादव और भगवानपुरा तहसील के पटवारी श्री योगेश पाटीदार को सीएम हेल्पालाइन, लेण्ड रिकार्ड लिंकिंग, सीएम किसान सत्यापन में शत-प्रतिशत और ई-केवायसी में 98 प्रतिशत कार्य करने पर प्रशस्ति-पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 68 करोड़ 77 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण और 171 करोड़ 40 लाख रूपये के विकास कार्यों का शिलान्यास किए।

क्षेत्रीय सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल ने बिस्टान उद्वहन सिंचाई परियोजना का नाम संत बोन्दरूबाबा, बिस्टान को तहसील का दर्जा देने, श्रीखण्डी गाँव के हाई स्कूल का हायर सेकेंडरी में उन्नयन, बरूड में रघुनाथ मंडलोई की प्रतिमा लगाने सहित अन्य प्रस्ताव रखे।

### विकास प्रदर्शनी का अवलोकन

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का अवलोकन और कन्या-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने बंजारा समाज द्वारा भेंट किया गया नगाड़ा भी बजाया। मुख्यमंत्री को आजीविका समूह की बहनों ने 51 किलो की माला और गुजराती पगड़ी पहनाई। मिशन की बहनों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को 2 मीटर लम्बी राखी भी बांधी।

कार्यक्रम में पूर्व राज्य कृषि मंत्री श्री बालकृष्ण पाटीदार, पूर्व विधायक सर्वश्री बाबूलाल महाजन, आत्माराम पटेल, धूलसिंह डावर और जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री बापूसिंह परिहार, खरगोन नपा अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, उपाध्यक्ष श्री भोलू कर्मा सहित अन्य जन-प्रतिनिधि और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। संचालन श्री राजकुमार शर्मा और अमित वर्मा ने किया।

**2024 में मोदी ही चुने जाएंगे प्रधानमंत्री**

## अमित शाह बोले- आज गरीब भी उम्मीद के सपने देख रहा

**नईदिल्ली/जीएनएस।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बीजेपी 2024 में पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी। केवल देश की जनता ही तय कर सकती है कि अगला प्रधानमंत्री कौन होगा और कौन सी पार्टी प्रभारी होगी। मैं देश के हर हिस्से में जाता हूं और लोगों के साथ संबंध बनाने की पूरी कोशिश करता हूं। मैंने देश के लोगों की नब्ज को महसूस किया है और मैं आपके चैनल के माध्यम से सभी को बताना चाहता हूं कि 2024 में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी और मोदी जी लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधान मंत्री के रूप में वापसी करेंगे, कुछ ऐसा जो 1970 के बाद पहली बार हो रहा है। अमित शाह ने कहा कि आजादी के बाद आज भारत आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के मामले में सबसे ज्यादा सुरक्षित है, क्योंकि हमारी नीतियां स्पष्ट हैं। दुनिया में कोई भी आज भारत की सीमा और सेना के साथ छेड़खानी नहीं कर सकता है। हम सच्चे मन से देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं। हम सच्चे मन से देश के गरीब के लिए काम कर रहे हैं। हम सच्चे मन से भारत को महान बनाने के लिए काम कर रहे हैं। मेरी पार्टी का विजन बहुत स्पष्ट है, हम सबको लक्ष्य रखना चाहिए कि जब देश की आजादी की शताब्दी हो, तब हर क्षेत्र के अंदर भारत दुनिया में सर्वप्रथम हो।



## महबूबा के जलाभिषेक पर बवाल; भाजपा ने बोला हमला, मुस्लिम धर्मगुरुओं ने भी जताई नाराजगी

**पुंछ/जीएनएस।** पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने पुंछ के नवग्रह मंदिर के शिवलिंग पर जलाभिषेक कर सियासी बहस खड़ी कर दी है। इसके बाद से पीडीपी चीफ विपक्ष के निशाने पर आ गई हैं। महबूबा मुफ्ती दो दिन पहले मंगलवार को पुंछ के नवग्रह मंदिर पहुंचीं थीं। इतना ही नहीं वह न केवल मंदिर पहुंची थीं, बल्कि पूरे मंदिर परिसर में घूमीं भी थीं। इस दौरान उन्होंने मंदिर में बनाए गए शिवलिंग पर जलाभिषेक भी किया था। उन्होंने मंदिर में बनी यशपाल शर्मा की मूर्ति पर फूल भी चढ़ाए। इसके बाद से भाजपा ने महबूबा मुफ्ती के मंदिर जाने को ड्रामा बताया है।



## चुनावी साल में अशोक गहलोत ने लगाई घोषणाओं की झड़ी

**जयपुर/जीएनएस।** अशोक गहलोत ने जिन नए जिलों की घोषणा की है उनमें बालोतरा, कोटपूतली, खैरथल, बहरोड़, नीमकाथाना, फलौदी, सलूंबर, ब्यावर, अनूपगढ़, डीडवाना, कुचामन, डीग, दूदू, गंगापुर सिटी, जयपुर उत्तर, जयपुर दक्षिण, सांचोर, जोधपुर पूर्व, जोधपुर पश्चिम, शाहपुरा शामिल हैं।

चुनावी साल में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान में कई बड़े ऐलान किए हैं। आज राजस्थान विधानसभा में बोलते हुए अशोक गहलोत ने 19 नए जिले बनाने की घोषणा की है। इसके साथ ही अब राजस्थान में कुल 50 जिले हो गए हैं और 10 संभाग भी हो गए हैं। सीकर सहित तीन नए संभाग बनाए जाने की भी घोषणा आज मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने की है। अशोक गहलोत ने जिन नए जिलों की घोषणा की है उनमें बालोतरा, कोटपूतली, खैरथल, बहरोड़, नीमकाथाना, फलौदी, सलूंबर, ब्यावर, अनूपगढ़, डीडवाना, कुचामन, डीग, दूदू, गंगापुर सिटी, जयपुर उत्तर, जयपुर दक्षिण, सांचोर, जोधपुर पूर्व, जोधपुर पश्चिम, शाहपुरा शामिल हैं।






# बुरे फंसे सिसोदिया, शराब घोटाले में गिरफ्तार दिल्ली के डिप्टी सीएम की ईडी हिरासत 22 तक बढ़ी

**नई दिल्ली/जीएनएस।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं और इससे जुड़ी मनी लांड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) हिरासत शुक्रवार को पांच दिन और बढ़ाते हुए 22 मार्च तक कर दी।



राउज एवेन्यू में एमके नागपाल की विशेष अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद श्री सिसोदिया की हिरासत को बढने् आदेश पारित किया। अदालत ने 51 वर्षीय पूर्व उप मुख्यमंत्री सिसोदिया को 22 मार्च अपराह्न 2 बजे अदालत के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया है। श्री सिसोदिया को ईडी ने नौ मार्च को गिरफ्तार कर 10 मार्च को अदालत में पेश किया था, तब से वह सात दिन की ईडी की हिरासत में थे, जो अविधि आज समाप्त हो रही थी। एजेंसी ने उनसे पूछताछ के लिए लिए हिरासत की अवधि बढाये जाने के साथ आज अदालत में पेश किया। ईडी ने श्री सिसोदिया की सात दिन और हिरासत बढ़ाने की गुहार लगाई थी, लेकिन अदालत ने पांच दिनों की हिरासत मंजूर की।

गौरतलब है कि श्री सिसोदिया ईडी की गिरफ्त में पडने् के वक्त वह सीबीआई द्वारा दर्ज मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद थे। सीबीआई की गिरफ्तारी के बाद न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद श्री सिसोदिया को ईडी ने 09 मार्च को जेल में लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। विशेष अदालत ने सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए जाने के मामले में श्री सिसोदिया की जमानत याचिका पर 21 मार्च को सुनवाई करेगी। अदालत ने समय अभाव के कारण 10 मार्च को जमानत याचिका पर सुनवाई अगली तारीख तक टाल दी थी। गौरतलब है कि 26 फरवरी को गिरफ्तार श्री सिसोदिया को 06 मार्च को सीबीआई की हिरासत अवधि पूरी होने के बाद 20 मार्च तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। अदालत ने सीबीआई के अनुरोध पर श्री सिसोदिया को 04 मार्च तक केंद्रीय जांच एजेंसी की हिरासत में भेजा था, जिसकी अवधि समाप्त होने पर दो दिन की और हिरासत में भेजने का आदेश दिया था।

उच्चतम न्यायालय ने गत 28 फरवरी को श्री सिसोदिया की रिट याचिका खारिज करते हुए कहा था कि याचिकाकर्ता दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष गुहार लगा सकता है। श्री सिसोदिया ने अपनी गिरफ्तारी और सीबीआई की जांच के तरीकों पर सवाल उठाते हुए राहत की उम्मीद में शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद श्री सिसोदिया की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। शीर्ष अदालत से राहत नहीं मिलने के बाद श्री सिसोदिया ने बाद में उसी दिन उप मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया था। सीबीआई ने दिल्ली की आबकारी नीति 2021-2022 (विवाद के बाद दिल्ली सरकार ने इस नीति को रद्द कर दिया था) में कथित अनियमितता के मामले में श्री सिसोदिया को 26 फरवरी रविवार को आठ घंटे की लंबी पूछताछ के बाद देर शाम गिरफ्तार किया था।

# विधिक साक्षरता शिविर एवं जेल निरीक्षण का आयोजन किया गया





**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश मोहम्मद सैय्यदुल अबरार के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक मजिस्टेउट गौतम सिंह मरकाम की अध्यक्षता एवं न्यायिक मजिस्टेउट श्रीमान विजय पाल सिंह चौहान, सुश्री साक्षी मसीह एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी सागर अग्रवाल की उपस्थिति में जिला जेल झाबुआ में महिला एवं पुरूष बंदियों के लिए विधिक साक्षरता शिविर एवं जेल निरीक्षण का आयोजन किया गया। शिविर में श्री मरकाम ने बताया कि प्लीबारगेनिंग दाण्डिक मामले का समझौते के आधार पर अंतिम निराकरण के लिए एक उपबंध है यदि कोई अभियुक्त जिसके विरूद्ध न्यायालय में कोई मामला चल रहा है और 18 वर्ष की उम्र से अधिक है तथा ऐसा मामला 7 वर्ष से अधिक कारावास से दंडनीय न हो तथा महिलाओं और बच्चों के विरूद्ध न हो देश की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को प्रभावित करने वाला न हो ऐसे मामलों में अभियुक्त प्लीबारगेनिंग प्रक्रिया का लाभ उठा सकता है। उन्होंने बताया कि इसका लाभ यह है कि अभियुक्त अपराध के लिए निर्धारित दण्ड की अधिकतम सजा में से एक चौथाई सजा से दंडित किया जाएगा। शिविर में न्यायिक मजिस्टेउट विजय पाल सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि जेल सजा काटने का स्थान नहीं वरन पश्चाताप हेतु आत्मचिंतन का स्थान है। यहां बंदियों द्वारा अतीत में जाने अनजाने किए गए अपराध का पश्चाताप करें और अपने वर्तमान को संभाले। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार किसी भी बंदी को न्याय पाने का निःशुल्क, विधिक सहायता प्राप्त करने का अधिकार है चाहे वह विचाराधीन बंदी हो या सजायाफ्ता हो। शिविर में सुश्री साक्षी मसीह ने बंदियों के प्रकरणों में नियुक्त किए जाने वाले पैनल लायर्स द्वारा की गई पैरवी के संबंध में बंदियों से जानकारी ली तथा उन्हें निःशुल्क और सक्षम विधिक सलाह और सहायता प्राप्त करने के अधिकार के बारे में जानकारी दी।जेल में बंदियों से उनके प्रकरणों एवं अन्य समस्याओं के नियमानुसार शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया गया। न्यायाधीशों द्वारा बंदियों से उन्हें जेल में मिल रहीं सुविधाओं की जानकारी ली गई। साथ ही बंदियों के जेल में नैतिक कर्तव्य जेल में आपस में मिलजुल कर रहना, साफ-सफाई रखना, जेल प्रशासन का सहयोग करना तथा जेल से रिहा होकर अन्य लोगों को भी अपराध से रोकने में सहयोग करने तथा ऐसा कार्य न करें जिससे की दोबारा जेल आना पड़े की बात कई गई एवं जेल से रिहा होने के पश्चात् अपराध से मुक्त होकर समाज की मुख्यधारा से पुनः जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया।शिविर में महिलाओं को उनके मुकदमे की पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाने हेतु पूछा गया। सभी महिला बंदियों द्वारा बताया कि उनके मुकदमे की पैरवी हेतु अधिवक्ता नामित है। शिविर में महिलाओं से खानपान आदि के बारे में पूछा गया सभी के द्वारा अनुकूल उत्तर दिया गया। वर्तमान में जिला कारागार में 12 महिलाऐं व उनके साथ 1 बच्चा निरूद्ध है। न्यायाधीश गणों ने बैरको में पहुंचकर बंदियों से रूबरू होते हुए उनके जेल मे होने का कारण, जेल में होने की अवधि, उनके स्वास्थ्य, भोजन, पेयजल, साफ-सफाई आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिला न्यायालय परिसर झाबुआ स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संचालित लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी रूपेश शर्मा, असिस्टेंट शिवम वर्मा एवं विश्वास शाह ने बताया कि ऐसे कैदी जो किसी भी प्रकार की अभिरक्षा में है यदि वे अपना अधिवक्ता नियुक्त करने में असमर्थ है तथा अपनी प्रतिरक्षा नही कर पा रहें है ऐसे कैदियों के लिए डिफेंस काउंसिल की टीम द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जायेगी तथा उनकी ओर से पूरे मामले की पैरवी भी निःशुल्क रूप से डिफेंस काउंसिल द्वारा किया जावेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सहायता अधिकारी सागर अग्रवाल द्वारा किया गया।उक्त शिविर में जेल अधीक्षक दुष्यंत पगारे, उप अधीक्षक राजेश विश्वकर्मा एवं स्टाफ उपस्थित रहें।

## कवि देव सिंह गुर्जर ने विद्युत विभाग के अधिकारी को बिजली शेड्यूल के परिवर्तन को लेकर लिखा पत्र

### किसानों की खड़ी फसल में बिजली की तारों से फाल्ट होकर फसल में आग लगने की संभावना अधिक रहती है



**खाचरोद/दैनिक मालवा हैराल्ड /मुरलीदास बैरागी।** नागदा क्षेत्र के किसानो की समस्या को देखते हुए किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष कवि देवसिंह गुर्जर ने ग्राम पंचायत टुटियाखेड़ी सरपंच के पत्र के माध्यम से विद्युत विभाग के अधिकारी से बिजली शेड्यूल परिवर्तन हेतु पत्र लिखा देवसिंह गुर्जर ने बताया गया कि वर्तमान में फसले सुखकर तैयार हो चुकी है विद्युत मंडल द्वारा किसानो को विद्युत सप्लाई दोपहर में की जाती है जबकि दोपहर में गर्मी की वजह से फसल भी गर्म रहती है और बिजली के उपकरण भी गर्म हो जाते है जिससे किसानों की खड़ी फसल में बिजली की तारों से फाल्ट होकर फसल में आग लगने की संभावना अधिक रहती है फिर आग पर काबू पाना असंभव होता है ऐसी स्थिति में बिजली सप्लाई का समय बदलकर सुबह-शाम किया जाना चाहिये जिससे किसानो को राहत मिलेगी इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत टुटियाखेडी एवं किसान देवीसिंह ओमप्रकाश शर्मा बाबुलाल भारत शर्मा चन्द्रप्रकाश महेश सहित कई किसान उपस्थित रहें।

## अधिमान्य पत्रकारो को पूर्व की तरह रियायत देने मांग को लेकर सकलेचा ने डीआरएम रजनीशकुमार से भेंट कर दिया पत्र

**नागदा(यश सकलेचा )/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रेल्वे की विभिन्न मांगो को लेकर समाजसेवी एवं रेल्वे विशेष रूचि सदस्य राजेश सकलेचा भाईजी ने शुक्रवार को रतलाम पहुंचकर डीआरएम रजनीश कुमार से भेंट कर पत्र सौपा।

सकलेचा ने बताया कि देशभर के अधिमान्य पत्रकारो को रेल्वे द्वारा कोरोना के पूर्व सिनीयर सिटीजन की तरह रेलयात्रा के दौरान रियायत प्रदान कर रखी थी। परन्तु कोरोना के चलते रेल्वे द्वारा ट्रेनो को बंद करने के साथ ही रियायत भी बंद कर दी गई। परन्तु कोरोना समाप्त होने के पश्चात् जीवन सामान्य हो चुका है। रेल्वे द्वारा यात्रियो के लिये धीरे-धीरे रेल सुविधाएं प्रदान की जा रही है। परन्तु अभी भी कुछ सुविधाएं रेल मंडल द्वारा प्रारम्भ नहीं की गई है जैसे अधिमान्य पत्रकारो एवं सिनियर सिटीजन्स को रियायत प्रदान किया जाना, हिसार कोटा ट्रेन को नागदा तक बढाना, कोटा नागदा ट्रेन को रतलाम तक बढ़ाया जाना तथा जनता एक्सप्रेस का संचालन पुनः प्रारम्भ करना जैसी विशेष मांगो का उल्लेख पत्र में किया गया। पत्र में नागदा रेल्वे स्टेशन पर प्लेटफार्म नं. 5 के पैदल पुल के मोड को समाप्त कर उसे सीधा करने की मांग भी रखी गई।

**डीआरएम से कई विषयो पर हुई गंभीर चर्चा**–सकलेचा ने बताया कि भेंट के दौरान स्टेशन पर पीने के पानी एवं स्वच्छता को लेकर डीआरएम से चर्चा की गई तो डीआरएम ने बताया कि शीघ्र ही सभी स्टेशनो पर पेयजल हेतु पर्याप्त पानी की व्यवस्था की जायेगी साथ ही स्वच्छता हेतु विशेष अभियान चलाया जायेगा। चर्चा में डीआरएम ने बताया कि कोटा रतलाम ट्रेन को रतलाम तक बढ़ाने के लिये कोटा मंडल को ट्रेन के समय में आंशिक परिवर्तन के लिये अवगत कराया गया है। जैसे ही यह परिवर्तन हो तब इस ट्रेन को रतलाम तक बढाया जायेगा। हिसार-कोटा को नागदा तक बढ़ाने हेतु डीआरएम ने बताया कि उक्त ट्रेन कोटा मंडल में होने के कारण कोटा मंडल से ही निर्णय होगा।

विगत दिनो सकलेचा द्वारा सांसद महोदय श्री अनिल जी फिरोजिया को भी दिल्ली प्रवास पर जाते समय नागदा रेल्वे स्टेशन पर रात्रि में उक्त मांग पत्र सौपा था तथा रेल प्रशासन से चर्चा कर मांगे पुरी करने का अनुरोध किया गया था।

# सरपंच संघ ने संकट मोचन हनुमान मंदिर बोलाई से भरी हुंकार जरूरत पड़ी तो तालाबंदी करेंगे

### सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष बलवीर राजपूत के नेतृत्व में हुआ एक दिवसीय सरपंच संघ का सम्मेलन





**सलसलाई/ किशोर नाथ राजगुरु/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सरकार हम ग्राम प्रधानों को मूर्ख बनाने का कार्य कर रही है क्योंकि हमने सामाजिक धार्मिक क्षेत्र में अच्छे कार्य किए थे इसी का परिणाम रहा कि हम ग्राम सरकार में सफल रहे और सफल होने के बाद लोग हमें अपनी उम्मीदों पर खरा उतरने की हमसे उम्मीद रखते हैं पर सरकार ने जो ग्राम सरकार को दिए वादे हमसे छीन लिए इसीलिए अब हम सब सरपंच संगठन के माध्यम से सरकार को अवगत कराएंगे अगर नहीं मानी तो बड़ा आंदोलन कर पंचायत स्तर पर तालाबंदी करेंगे उक्त बातें राष्ट्रीय प्रदेश सरपंच संघ के संगठन मंत्री राजवीर तोमर द्वारा सरपंच संघ के एक दिवसीय सम्मेलन में शाजापुर जिले के सरपंचों को संबोधित करते हुए कहीं वही सरकार पर कई प्रकार के गंभीर आरोप लगाकर सरपंचों के वित्तीय अधिकार के साथ ही उनकी पूर्व में किस तरह से सरपंच द्वारा कार्य की योजना थी उन सब बंद करने का आरोप लगाया वही अगर सरकार ने सरपंच संघ की मांग व सरपंचों की सरल कार्य के प्राथमिकता नहीं दी गई तो इस पर पूरे प्रदेश व देश में सरपंच संघ धरना प्रदर्शन के साथ तालाबंदी भी ग्राम पंचायत की करने को उतारू हो जाएगा वही कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच संघ जिला अध्यक्ष बलवीर राजपूत द्वारा की गई कार्यक्रम में विशेष अतिथि अलोट बद्रीलाल बैरागी जिला अध्यक्ष उज्जैन सतीश शर्मा भगवान राजपूत वरिष्ठ सरपंच कपिल परमार मौजूद थे जहां सरपंचों के हित व सरपंचों के द्वारा किए जा रहे कार्य व सरकार के द्वारा सरपंच व ग्राम प्रधानों पर लगातार हो रहे अत्याचार पर चर्चा कर उसे आवाज बुंदेल कर सरकार को अवगत कराने की बात की गई वही जरूरत पड़े तो अन्य तरह के ग्राम पंचायत के कार्य प्रवाहित सरकार की मनमर्जी से थोपे पर जा रहे कार्य कारण होंगे इस दौरान सरपंच संघ मोहन बड़ोदिया ब्लॉक अध्यक्ष राकेश जयसवाल सरपंच पोलाय खुर्द भगवान सिंह आंजना सरपंच भादर मेवाड़ा भोजराज मेवाड़ा जीवन मेवाड़ा मंगल सिंह दीपक मेवाडा इंदर परमार जगन्नाथ मेवाड़ा सहित जिलेभर के सरपंच मौजूद थे।

## सलसलाई थाने पर खल रही टीआई की कमी कई अपराधिक मामले पड़े हैं अधूरे अभी तक नहीं हुए खुलासे

### अंधे कत्ल दिनदहाड़े चोरी डीजल चोर सहित कई मामलों की फाइल पड़ी पेंडिंग में




**सलसलाई/किशोर नाथ राजगुरु/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सलसलाई नगर पुलिस थाना क्षेत्र काफी फैला हुआ क्षेत्र है वहीं नगर से निकलने वाले स्टेट हाईवे पर आए दिन ट्रक कटिंग की वारदात के साथ-सथ क्षेत्र में दिनदहाड़े चोरी का मामला हो या फिर 3 साल पहले मासूम बालक की हत्या का मामला हो या फिर और भी कई अंधे कत्ल का मामला हो या फिर पेट्रोल पंप पर हार्वेस्टर से डीजल चोरी करने का मामला हो आज तक इन मामलों में कोई खुलासा सलसलाई पुलिस नहीं कर सकी वही बात की जाए पुलिस थाने की तो थाना प्रभारी के रूप में सब इंस्पेक्टर वीर सिंह देवड़ा थाने की कमान संभाल रहे हैं लेकिन सलसलाई थाने पर टीआई नहीं होने पर टीआई की कमी थाने पर खल रही है वही बात करें इनसे पहले थाना प्रभारी की कमान संभाल चुके टी आई टी आर पटेल जो रिटायर हो चुके हैं और अब घर पर आराम कर रहे हैं वैसे इनके द्वारा इनके कार्यकाल में पूरे दिन उन्होंने थाने पर आराम के अलावा कुछ नहीं किया जहां इनका कार्यकाल भी बोगस रहा जहां और अब तक के थाना प्रभारियों में से सबसे ढीले ढाले थाना प्रभारी टी आर पटेल रहे क्षेत्र में इनकी कार्यप्रणाली से कोई खुश नहीं हुआ थाना क्षेत्र में लगातार कई अपराधिक मामले दिन-ब-दिन बढ़ रहे हैं लेकिन पुलिस द्वारा अंकुश लगाना नामुमकिन ही दिख रहा है।

# सद्भावना से किया कार्य निश्चित रूप से सफल व भव्य होगा

### कोटेश्वर में होने वाली शिवपुराण कथा के लिए कडोदकलां मेले में आमजन से आग्रह



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** इससे बड़ा सौभाग्य और क्या हो सकता है कि लक्ष्मी का सदुपयोग आपके द्वारा धर्म व पुनीत कार्य में किया जा रहा है। हजारों लाखों लोग धर्म से जुड़कर सनातन संस्कृति की गंगा में डुबकी लगाएंगे। आयोजन में सहभागिता से जनमानस की मनोवृत्ति धर्म के प्रति बढ़ेगी।सद्भावना से किया कार्य निश्चित रूप से सफल व भव्य होगा।

उक्त प्रेरणादायक उद्गार कड़ोद कला में जैन मुनि श्री आदर्श रत्नविजय जी म.सा ने शिव महापुराण कथा आयोजक शरद सिंह सिसोदिया द्वारा जैन उपाश्रय जाकर सौजन्य भेंट किए जाने के अवसर पर चर्चा में व्यक्त किये। सिसोदिया अपनी नियमित बैठक के अंतर्गत कडोदकलां पहुंचे थे। यहां त्रिवेणी धाम मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन पश्चात धर्म प्रेमी जनता से बैठक कर चर्चा की। आयोजक सिसोदिया का ग्रामीणों ने साफा बांधकर स्वागत किया।महिलाओं को भी निमंत्रण पत्र देकर कथा के सहभागी बनने का आग्रह किया, दीपक गिरी गोस्वामी ने कथा में अपनी और से 2 टैंकर प्रतिदिन पानी के लिए उपलब्ध करवाने की बात कही। तत्पश्चात सिसोदिया मेला परिसर पहुंचे। यंहा मेला समिति एवं जनप्रतिनिधियों ने पुष्पहारों से स्वागत किया।पंचायत द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के मंच से उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर कथा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने एवं सपरिवार धर्म लाभ लेने की बात कही। गुरुवार को सादलपुर, पंचमुखी में भी आयोजन को लेकर बैठक हुई।कार्यक्रम का संचालन दिनेश रघुवंशी ने कीया, आभार मुकेश सोलंकी ने माना।

### कोटेश्वर में 3 दिन तक होगा नानी बाई का मायरा

आगामी 24 मार्च से 28 मार्च तक अति प्राचीन तीर्थ स्थल कोटेश्वर धाम में स्व. शिवकुमार सिंह सिसोदिया इंदौर एवं स्व. ओम प्रकाश पांडे नागदा की स्मृति में पांच दिवसीय संगीतमय पंचपुष्प श्री शिव महापुराण कथा अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से संपन्न होगी। शिव महापुराण कथा प्रारंभ के दूसरे दिन 25 मार्च से 27 मार्च 3 दिवस तक भगवान श्री कृष्ण के अनन्य भक्त श्री नरसिंह मेहता का दिव्य चरित्र नानी बाई को मायरो कथा का आयोजन होगा। कथा पंडित विपुल कृष्ण महाराज बडगोंदा के मुखारविंद से रात्रि 8 से 11 बजे तक संपन्न होगी। आयोजन को लेकर समूचे अंचल में जैसे-जैसे दिन नजदीक आ रहे हैं धर्म प्रेमी जनता का उत्साह उतना ही चरम की ओर अग्रसर हो रहा है।

### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने किया कथास्थल का दौरा बारीकी से ली व्यवस्था की जानकारी

आयोजन स्थल की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अमला भी प्रतिदिन अलर्ट दिख रहा है। शुक्रवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार बदनावर एसडीओपी शेर सिंह भूरिया कानवन थाना प्रभारी राम सिंह राठौर ने संयुक्त रूप से कथा स्थल का दौरा किया। मौके पर कथा आयोजक शरद सिंह सिसोदिया एवं व्यवस्थापक समिति से यातायात व्यवस्था, कथा पंडाल, भोजनशाला, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में बारीकी से जानकारी ली, मेला स्थल में झूले ना लगाए जाने की सलाह दी, जिससे विवाद की स्थिति निर्मित होने पर कथा में व्यवधान उत्पन्न ना हो। यातायात की सुगमता बनाए रखने के लिए रास्ते में वाहन के खराब होने की स्थिति में तत्काल मार्ग से हटाए जाने हेतु दो अतिरिक्त क्रेन वाहन उपलब्ध रखने की भी बात कही। साथ ही मुख्य मार्ग से लगी हुई किसी भी प्रकार की दुकान लगाने से इनकार किया। वाहन पार्किंग की व्यवस्था के मामले में समिति के पदाधिकारियों ने वाहन मालिक को निशुल्क टोकन प्रदान कर पुनः टोकन देने पर वाहन ले जाने की व्यवस्था के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर राजेंद्र खोखर, राजेंद्र खोकर, नरेश लड्ढा , राजेन्द्र जाट, बिंदु सिंह, संदीप खरसोदीया, दिलीप वैष्णव, रमेश धाडवी,जयेश पाटीदार, सचिन खोकर, ललित सेठ, पियूष पाटीदार आदि उपस्थित थे। जानकारी आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी गोवर्धन सिंह डोडिया खिलेड़ी ने दी।

## सार समाचार

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, बाल विवाह रोकने एवं मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए संकल्प रथ (प्रचार प्रसार) वाहन को हरी झंडी दिखाई



**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सीईओ जिला पंचायत श्री अमन वैष्णव एवं महिला बाल विकास अधिकारी राधु सिंह बघेल द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, बाल विवाह रोकने एवं मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए संकल्प रथ (प्रचार प्रसार) वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दो रथ झाबुआ जिले में 17 मार्च से 27 मार्च 2023 तक 60 गांव में प्रचार प्रसार करेंगे। यह संकल्प रथ झाबुआ जिले में बाल विवाह को रोकने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना, बाल श्रम को कम करने, मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का प्रचार-प्रसार करेंगे।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित

**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में अचल संपत्तियों के मूल्य निर्धारण करने हेतु जिला मूल्यांकन समिति की बैठक 16 मार्च 2023 को कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में जिले की उप जिला मूल्यांकन समितियों के द्वारा प्रेषित प्रस्तावों को अध्ययन एवं विचार विमर्श उपरान्त उचित मानते हुए स्वीकार किया गया। उक्त प्रस्तावों पर पर यदि आमजन अपना कोई भी सुझाव देना चाहते है तो उक्त प्रस्तावों का अवलोकन जिले के समस्त उप पंजयक कार्यालयों, जिला पंजीयक कार्यालय एवं जिलाधीश कार्यालय के सूचना पटल पर करने के पश्चात दिनांक 19 मार्च 2023 की शाम 05 बजे तक जिला पंजीयक / उप पंजीयक कार्यालय में दे सकते है। उसके उपरान्त दरें अनुमोदन हेतु प्रेषित कर दी जाएगी।

### पूर्व एडीएम एसपीएस चौहान के आकस्मिक निधन पर शोक सभा



**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर कार्यालय में आज समस्त जिला अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा जिले में पूर्व पदस्थ सेवानिवृत अपर कलेक्टर एस.पी.एस चौहान के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखा गया एवं दिवांगत आत्मा की शांति के लिए परम परमेश्वर से प्रार्थना की गई। अपर कलेक्टर एस.एस.मुजाल्दा के द्वारा शोक व्यक्त करते हुए श्री चौहान के कार्यो पर प्रकाश डाला।

### हिंगलाज प्रकटोत्सव पर निकलेगी शोभायात्रा

**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भावसार समाज द्वारा हिंगलाज प्रकटोत्सव 19 मार्च को धुमधाम से मनाया जाएगा जिसके अंतर्गत प्रातःकाल सायंकाल बेण्ड बाजों के साथ भव्य चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो से निकलेगा साथ ही महाआरती व महाप्रसादी वितरण होगी। आयोजन की सम्पूर्ण तैयारियों को लेकर एक बैठक अध्यक्ष हरिश भावसार की उपस्थित में रखी गईजिसमें हिंगलाज प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाने संबंधित निर्णय लिये गये। बैठक में मनोज भावसार, पूर्व अध्यक्ष दीपक भावसार. महेन्द्र भावसार, दीपक पुरुषोत्पंतम भावसार, पंकज कृष्णचन्द्र भावसार, कोषाध्यक्ष आशीष भावसार, सचिन भावसार, राजा भावसार, मंगेश चौहान आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी सचिव पंकज भावसार ने दी।

### पटवारी संघ नहीं करेगा लाडली बहना योजना में ईकेवाईसी एम पंजीयन का कार्य सौंपा ज्ञापन



**सलसलाई/ किशोर नाथ राजगुरु/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना लाडली बहना योजना कर्मचारियों के हड़ताल होने के कारण 25 मार्च को लाडली बहना योजना के अंतर्गत केवाईसी एवं पंजीयन कार्य किया जाना है जिसको लेकर अब उक्त योजना का कार्य पटवारियों को सरकार द्वारा जिया जा रहा जहां इसी को लेकर गुलाना तहसील पटवारी संघ द्वारा तहसील कार्यालय बुलाना पहुंचकर तहसीलदार राजाराम करजरे ज्ञापन सौंपकर उक्त कार्य में नहीं करने की पटवारी संघ निर्णय के चलते लिया गया है वही ज्ञापन में कई प्रकार की जो पटवारियों के कार्य करने का ही अधिक लोड ऊपर से यहां और आने से हम ज्यादा हमारे ऊपर लोड हो जाएगा इस दौरान पटवारी सचिन पाटीदार वेदांत जैन दिनेश कलमोदिया मोहित कैलाश राजोरिया सहित कई पटवारी मौजूद थे ।

# कांग्रेस का प्रदर्शनः शिवना शुद्धिकरण प्लान फैल होने का आरोप, सौंपा ज्ञापन

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंदसौर शहर में अलग अलग मुद्दों को लेकर आज कांग्रेस जिलाध्यक्ष विपिन जैन एवं नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार सिंह को एक सौंपकर समस्याओं के निराकरण करने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी ने बताया कि मंदसौर नगर में कई समस्याएं व्याप्त है, लेकिन उसका निराकरण करने की ओर किसी का ध्यान नहीं है। शहरवासी मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिये नगरपालिका के चक्कर काटकर परेशान है उसकी कोई सुनवाई नहीं होती। नगर की कई प्रमुख समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्षद कई बार मुखर हुआ लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शुक्रवार को सीएमओ सुधीर कुमार सिंह को नगर की 6 प्रमुख समस्याओं को हल करने हेतु ज्ञापन दिया गया।





शिवना शुद्धिकरण, सड़को की मरम्मत और स्ट्रीट डॉग को पकड़ने की मांग

कांग्रेस के नेताओं ने ज्ञापन में बताया की शिवना शुद्धिकरण के लिए 28 करोड़ के प्रोजेक्ट को पीआईयू द्वारा किया जा रहा है। शुद्धिकरण प्रोजेक्ट में एजेंसी पीआईयू द्वारा 1.20 मीटर गोलाई की पाइप लाइन शहर के गंदे पानी की निकासी के लिए बिछाई जा रही है। खानपुरा स्थित बुगलिया नाले से लेकर मुक्तिधाम के आगे तक मंदसौर नगर के 11 नालों के पानी की निकासी इस पाईप लाईन से की जाएगी। इस प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। वर्तमान में बुगलिया नाले खानपुरा से पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। काग्रेस नेताओं का कहना है कि पीआईयू द्वारा जो पाइप लाइन डाली जा रही है। वह बहुत ही छोटी है और उसकी सफाई भी नहीं की जा सकती है। जबकि तीन वर्ष बाद नगर पालिका को ही इसका मेंटेंस करना पड़ेगा। साथ ही शिवना नदी जल कुंभी से पटी पड़ी हुई है। वही नगर की खस्ताहाल सड़को के तुरन्त निर्माण और मरम्मत करने के साथ हीबा के आधार पर नामांतरण शीघ्र नामन्तरण कार्य करने, अविकसित कॉलोनी में धारक के नामांतरण कार्य शुरू करने सहित शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या ने संबंध में जल्द ही कोई नीति निर्धारण करने की मांग कांग्रेस ने की है।

## शुक्रवार को महिलाओं की दशा माता पूजन की धुम रही पीपल के पेड़ को भगवान विष्णु का स्वरूप मानकर पूजन करी

# पीपल के पेड़ की परिक्रमा करते हुए भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप हल्की बारिश में भी महिलाओं की आस्था उमड़ी

**खाचरोद/दैनिक मालवा हैराल्ड /मुरलीदास बैरागी।** उज्जैन जिले के खाचरोद तहसील क्षेत्र में हर गांव में शुक्रवार को अलग सुबह से ही हर गांव शहर के मंदिरों में पीपल के पेड़ की पूजन का शीलशीला चला महिलाए सजधज कर पूजा का थाल सजाकर लेकर पीपल के वृक्ष की पूजन अर्चना करती भक्ति में डुबी चैत्र माह की कृष्ण पक्ष दशमी तिथि को दशा माता मां पार्वती का ही स्वरूप की पूजा करने से जातक के घर परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है और सभी परेशानियां व कष्ट दूर हो जाते हैं. दशा माता पूजन के दिन त्रिवेणी वृक्षों यानि तीन वृक्षों पीपल नीम, और बरगद की पूजा करने का विधान है।

दशा व्रत के दिन आपको पीपल के पेड़ को भगवान विष्णु का स्वरूप मानकर पूजा कर कच्चे सूत में 10 गांठ लगाकर महिलाएं पूजन के बाद इस डोरे को गले में बांधती हैं दशामाता की कथा का श्रवण करती है ऐसा करने से घर में सुख-समृद्धि आती हैं।



## इंडियन ट्रेवल मार्ट भोपाल आज से प्रदेश के पर्यटन गंतव्य एवं नवाचारों से कराया जायेगा अवगत

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्या प्रदेश में पर्यटन की सम्भीवनाओं को पर्यटकों से रू-ब-रू कराने के लिए मध्यजप्रदेश टूरिज्मज बोर्ड द्वारा 18 एवं 19 मार्च को भोपाल में इंडिया ट्रेवल मार्ट (आई.टी.एम.) में भागीदारी की जा रही है। इंडिया ट्रेवल मार्ट का आयोजन 17 मार्च से प्रारम्भ हुआ है। कोर्टयार्ड मैरियट में चल रही पर्यटन प्रदर्शनी में शामिल होकर प्रदेश से आने वाले ट्रेवल एजेंट्स और टूर ऑपरेटर्स को मध्य प्रदेश में पर्यटन की अपार सम्भा वनाओं तथा पर्यटन की दिशा में किये जा रहे नवाचारों से अवगत कराया जा रहा है। यह प्रदर्शनी मध्यप्रदेश में यात्रा करने के लिए मंच के रूप में काम करेगी। शहर की आम जनता के साथ भोपाल और आसपास के शहरों के ट्रैवल एजेंट और टूर ऑपरेटर्स को आकर्षित किया जाएगा।

प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएँ हैं। म.प्र. टूरिज्मर बोर्ड राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सदैव प्रयासरत है। राज्यै की पर्यटन अधो-संरचना व्यरवस्थार को सुदृढ़ बनाने तथा अधिक से अधिक पर्यटकों को राज्या में पर्यटन के लिए आमंत्रित करने के लिए विभिन्ना कार्ययोजनाएँ बनाई गई हैं।

# नाम बदल झांसा देकर बलात्कार करने वाले दो जनों को 10 वर्ष सश्रम कैद

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड। विशेष न्यायधीश महोदय पॉक्सो एक्ट मंदसौर द्वारा आरोपी इरफान उर्फआकाश को बलात्कार के अपराध में दोषी पाते हुए 376 भादवि में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।**

अभियोजन सहायक मीडिया सेल प्रभारी बलराम सोलंकी ने बताया कि 02 फरवरी 2021 को पीड़िता के पिता फरियादी द्वारा थाना सुवासरा पर पीड़िता के अपने पडौसी की भतीजी पीडिता के साथ गंगार बीनने जाने और वापस नही आने तथा किसी अज्ञात बदमाश द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की शंका जाहिर करते हुए गुमशुदगी दर्ज कराये जाने पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान दोनों पीड़िताओं को 2 फरवरी 2021 को उत्तरप्रदेश के अमरोहा जिला के थाना चांदपुर फिना गली मुस्लिम बस्ती से दस्तयाब किया जाकर उनके कथन लेखबद्ध किये गये। पीडिताओं के कथनों से अनुसंधान में पाया गया कि पीड़िता की सहेली के टच स्क्रीन मोबाईल पर चांदपुर दिल्ली निवासी किसी विकास नाम के व्यक्ति का फोन आया एवं विकास ने अपने मामा आकाश की शादी के लिये पीडिता से अपनी दोस्त से बात करने के लिए कहा, जिस पर उसने अपनी दोस्त पीडिता की बात आकाश से करवाई एवं पीडितागण घर से बिना बताये विकास तथा आकाश के कहने पर शादी करने के लिए 01 फरवरी 2021 को शामगढ़ से देहरादून एक्सप्रेस से फरीदाबाद पहुंची जहां से विकास उन्हें दिल्ली लेकर गया बस में विकास ने पीडिता की सिम तोड़कर फेंक दी चांदपुर में आकाश के घर पर रुके जहां विकास और आकाश ने बताया कि वे दोनों मुसलमान हैं, विकास का नाम साहिल तथा आकाश का नाम इरफान है। दोनों ने शादी का झांसा देकर पीडिता की सहेली के साथ साहिल ने तथा पीडिता के साथ इरफान ने बलात्संग किया। 3-4 दिनों तक दोनों को कमरे में बंद रखा तथा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

# कांग्रेस कमलनाथ के नेतृत्व में सरकार बनाएगी-परशुराम सिसौदिया



**मल्हारगढ़/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नव नियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन जैन 20 मार्च को पद भार ग्रहण करेंगे। इसको लेकर शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस मल्हारगढ़ द्वारा पीले चावल वितरित किये गए कांग्रेस नेता परशुराम सिसौदिया, कांग्रेसजनों को पीले चावल देकर शपथ ग्रहण समारोह में सम्मलित होने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता प्रदेश में कांग्रेस की कमलनाथ जी की सरकार को देखना चाहती है जनता मानस बना चुकी है। इस मौके पर कांग्रेस नेता रामचन्द्र करुण, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष अजित कुमठ, कांग्रेसनेता भूपेंद्र महावर, दिनेश गुप्ता, पंकज बोराना, बाबू खा मेवाती विनोद मुंदड़ा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप यादव, नितिन विजयवर्गीय, सुन्दरलाल परिहार, सुनील भगत, जिला कांग्रेस की पूर्व सचिव पुष्पा डांगी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## के.डी. गेट से इमली तिराह मार्ग चौडिकरण की निविदा जारी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर पालिक निगम द्वारा के.डी. गेट से लेकर इमली तिराह तक मार्ग का चौडिकरण कार्य किया जाना है, चौडिकरण कार्य की ई-निविदा निगम द्वारा जारी की गई है। महापौर श्री मुकेश टटवाल ने बताया की के.डी. गेट से लेकर ईमली तिराहा तक 7 करोड़ की लागत से मार्ग का चौडिकरण किया जाना है जिससे आवगमन में सुविधा मिल सकेगी, उक्त कार्य की निविदा निगम द्वारा जारी की गई है। उक्त निविदा की विस्तृत जानकारी मध्य प्रदेश शासन के ई-निविदा पोर्टल पर देखी जा सकती है।

## छः माह बाद पूर्व नपाध्यक्ष कोटवानी को मिली जमानत, सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** धोखाधड़ी के मामले में जेल में बंद पूर्व नपाध्यक्ष रामकोटवानी को सुप्रीम कोर्ट से राहम मिलने की खबर सामने आई है। खबर के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने कोटवानी की जमानत याचिका को मंजूरी दी है। कोटवानी के अभिभाषक पुखराज दशौरा के अनुसार कोटवानी शीघ्र की जेल से बाहर आयेगे। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी जमानत अर्जी को मंजूरी दी है। लाखों की धोखाधड़ी के आरोप में उन्हें सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली है। इसके पहले हाई कोर्ट से उनकी मानत याचिका खारिज हो गई थी। वहीं दो अन्य मामले उन पर दर्ज है। जिसमें राम कोटवानी ने वीड्राल करवा रखा है।

पूर्व नपाध्यक्ष राम कोटवानी पर कोहिनूर निधि लिमिटेड संस्था के नाम पर लोगों से लाखों रुपए की धोखाधडी करने के आरोप लगे हैं। जिसके चलते उन पर केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। तीन माह पहले लाखों रुपए की धोखाधडी करने के मामले में जेल में बंद पूर्व नपाध्यक्ष राम कोटवानी की जमानत याचिका हाई कोर्ट ने को खारिज की थी। हाईकोर्ट ने माना एक करोड से अधिक की धोखाधडी गंभीर अपराध की श्रेणी में आती है। इसी को आधार पर हाईकोर्ट ने राम को राहत प्रदान नहीं की। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली। जहां से उन्हें राहत मिली है। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका मंजूर कर ली है।

### क्या है मामला, कब हुए थे गिरफ्तार

राम कोटवानी ने अपने दो साथियों रईस और आदिल रंगरेज के साथ मिलकर कोहिनूर को-ऑपरेटिव सोसाइटी का संचालन करते हुए दोनों को डायरेक्टर बनाया था और खुद पर्दे के पीछे से संचालन कर रहे थे।

आरोप है कि एजेंटों के माध्यम से लाखों रुपए लोगों से वसूले गए। ग्राहकों द्वारा डेली कलेक्शन के नाम पर ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी करने पर शहर कोतवाली पुलिस ने धारा 420 का मामला दर्ज किया था। मामले में बैंक के दोनों डायरेक्टर रईस और आदिल को कोर्ट के आदेश पर जेल भेजा गया था। इसके बाद छह माह पहले सितंबर 2022 को पुलिस ने राम कोटवानी को गिरफ्तार किया। इसके बाद पुलिस रिमांड भी लिया। बाद में कोर्ट ने उन्हें जेल भेजने के आदेश जारी किए। इसके बाद उन्होंने जमानत के लिए हाईकोर्ट में भी अपील की थी।

## धर्मनिष्ठ श्राविका संध्या विन्यायक्या के निधन पर परिवारजन उनके नेत्र दान करवाकर अंधत्व पर विजय के प्रयास में सहयोगी बना

### बदनावर एवं बखतगढ़ से भी अंतिम यात्रा में शामिल होने इंदौर गए

**बदनावर/बखतगढ़/दैनिक मालवा हेराल्ड।** वैसे जो व्यक्ति परोपकार की भावना रखते है वे जीवन जीने के दौरान के समय को सार्थक करते ही है। वहीं मरणोपरांत के समय को भी सार्थक कर जाते है। अर्थात मृत्यु के बाद अपने अंग दान करने की पूर्व में ही घोषणा कर अंतिम समय भी पुण्य अर्जित कर जाते है। ऐसा ही एक प्रसंग उपस्थित हुआ। जैन साधना भवन इंदौर के ट्रस्टी एवं जैन समाज की विभिन्न संस्थाओं में समय समय पर समर्पण भाव से सेवा देने वाले सुरेशचंद्र विन्यायक्या (जैन) की धर्म सहायिका ÷संध्या विन्यायक्या÷ का गत दिनों इंदौर में निधन हो गया। वे अविनाश विन्यायक्या, प्रतीक विन्यायक्या की माताजी एवं आर्या, अर्क, क्रियांश विन्यायक्या की दादीजी थे। साथ ही वे श्रीवर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ बखतगढ़ के वरिष्ठ मार्गदर्शक माणकलाल पटवा के मामा की पुत्रवधु एवं जैन सोश्यल ग्रुप बदनावर के पूर्व अध्यक्ष व जैन पत्रकार संघ (रजिस्टर्ड) के प्रदेश सहसचिव दिलीप दरड़ा बखतगढ़ की चचेरी मामीजी थे। इंदौर में उनके निवास 29 सी स्कीम नंबर 71 से निकली अंतिम यात्रा में जैन समाज के अलावा विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में जन समुदाय सहित बखतगढ़ एवं बदनावर से भी शामिल हुए एवं शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। संध्या बहन ने जीवन में मासक्षमण, आयंबिल, एकासन, बियासन आदि सहित कई छोटी बड़ी तपाराधनाएं की हैं। अर्थात उन्होंने अपने जीवन को पूर्ण रूप से सेवा भावना, धर्ममय के साथ तपमय भी बना लिया था। आप संघ समाज में सक्रिय होकर मिलनसार व मृदुभाषी थे। प्रतिदिन धर्म आराधना करना उनकी नियमित जीवन शैली का हिस्सा था। श्री मुरलीधर गोपाल किशन पारमार्थिक ट्रस्ट इंदौर की एम के इंटरनेशनल आई बैंक के श्लोगन ÷नेत्रों के दो मोती, दो आंखों की ज्योति÷ को चरितार्थ करते हुए परिवारजन उनकी भावना अनुरूप उनके नेत्र दान करवाकर अंधत्व पर विजय के प्रयास में सहयोगी बना। मृतका का जीव अंतिम समय में पुण्य अर्जित करता हुआ गया। नेत्र दान करवाकर परिवारजन ने दो व्यक्तियों को रोशनी का अमूल्य उपहार दिया है। परिवारजन की प्रेरणादायी एवं सभी के लिए अनुकरणीय इस पहल हेतु आई बैंक परिवार ने उनके प्रति आभार प्रदर्शित कर कृतज्ञता व्यक्त की। वहीं जैन समाज के अलावा अन्य समाज ने भी उक्त परिवार को साधुवाद प्रेषित कर अनुमोदना की। गौरतलब बात यह है कि एक व्यक्ति के नेत्रों का जब दान किया जाता है तो उससे दो व्यक्तियों के नेत्र को रोशनी मिलती है। उस नेत्र की रोशनी से वह व्यक्ति ईश्वर द्वारा रचित सुंदर एवं मनोहारी दुनिया को देखकर सुकून महसूस कर सकता है।




## उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

### (जाहिर सूचना)

प्राधिकरण की **नानाखेड़ा वेदनगर** आवासीय योजना के आवंटित भवन/भूखण्ड/**क्रमांक ए-11/1 श्रेणी ईडब्ल्यूएस** को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उज्जैन विकास प्राधिकरण की **नानाखेड़ा वेदनगर** आवासीय योजना में भवन/भूखण्ड **क्रमांक ए-11/1 श्रेणी ईडब्ल्यूएस** प्राधिकारी रिकार्ड में **श्रीमती वैशाली कवड़ीकर पति/पिता रामचन्द्र कवड़ीकर निवासी - ए-11/1, ईडब्ल्यूएस, वेदनगर, नानाखेड़ा उज्जैन** के नाम पर दर्ज है। प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक के द्वारा आवेदन फार्म के साथ शपथ पत्र एवं अन्य वांछित दस्तावेज आदि प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन करने हेतु निवेदन किया गया है।

आवंटी द्वारा उक्त सम्पत्ति के प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्राधिकारी अभिलेखों में लीज की उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन किए जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन होने की दिनांक से पन्द्रह दिन (15 दिवस) की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र, उज्जैन में प्रस्तुत करें, अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात् उक्त सम्पत्ति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेज तथा बकाया राशियाँ जमा होने पर आवेदन तथा दस्तावेज के आधार पर उक्त सम्पत्ति भू-स्वामी अधिकार विलेख में कर दिया जावेगा। जिसमें किसी की कोई आपत्ति / उज्र मान्य नहीं होगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

## उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

### (जाहिर सूचना)

उज्जैन विकास प्राधिकरण की श्री महाकाल वाणिज्यिक सह आवासीय योजना के अंतर्गत वाणिज्यिक सह आवासीय उपयोग के भूखण्ड/भवन **क्रमांक बी-9/1ए कार्नर श्रेणी एम.आई.जी.** को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन के संबंध में।

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उज्जैन विकास प्राधिकरण के रिकार्ड में **(1) श्रीमती अमृतकौर जूनेजा पति श्री बलवीरसिंह जूनेजा (2) श्री बलवीरसिंह जूनेजा पिता स्व. बलवंतसिंह जी जूनेजा निवासी-बी-9/1ए कार्नर श्रेणी एम.आई.जी. श्री महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र नानाखेड़ा उज्जैन (म.प्र.)** के नाम पर दर्ज है तथा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र मय फोटो आदि समस्त दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से फ्री-होल्ड में संपरिवर्तन करने हेतु निवेदन किया गया है, को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्री-होल्ड) किये जाने में यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन होने की दिनांक से पन्द्रह दिन (15 दिवस) की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेजों के साथ कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात् उक्त सम्पत्ति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेज तथा बकाया राशियाँ जमा होने पर आवेदन तथा दस्तावेज के आधार पर उक्त सम्पत्ति भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) कर दी जावेगी जिसमें किसी की कोई आपत्ति / उज्र मान्य नहीं होगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

## कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

### // जाहिर सूचना //

प्राधिकरण की **ऋषिनगर** योजना के अतंर्गत आवासीय उपयोग के भवन/भूखण्ड क्रं. सी-12/13 श्रेणी एलआईजी को लीज होल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) में संपरिवर्तन के संबंध में।

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति उज्जैन विकास प्राधिकरण के रिकार्ड में **श्री अनिल मुले पिता श्री विश्वनाथ मुले निवासी - सी-12/13, एलआईजी ऋषिनगर** उज्जैन के नाम पर दर्ज है तथा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र दिनांक 3/3/23 के साथ शपथ पत्र मय फोटो आदि प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) में सपरिर्वतन करने हेतु निवेदन किया गया है।

प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्राधिकारी अभिलेखों में लीज की उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) किये जाने में यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन होने की दिनांक से 15 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय उ.वि.प्रा. उज्जैन भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र, उज्जैन (म.प्र.) में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष में या लिखित में मय दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात उक्त सम्पत्ति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेजों तथा बकाया राशियों जमा होने पर आवदेन तथा दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) कर दी जावेगी।

तद्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

## कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

### // जाहिर सूचना //

प्राधिकरण की **ऋषिनगर** योजना के अतंर्गत आवासीय उपयोग के भवन/भूखण्ड क्रं. सी-11/7 श्रेणी एलआईजी को लीज होल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) में संपरिवर्तन के संबंध में।

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति उज्जैन विकास प्राधिकरण के रिकार्ड में **कांताबाई शर्मा पति स्व. श्री आनंदीलाल शर्मा निवासी - सी-11/7, एलआईजी ऋषिनगर** उज्जैन म.प्र. के नाम पर दर्ज है तथा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र दिनांक 8/2/23 के साथ शपथ पत्र मय फोटो आदि प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) में सपरिर्वतन करने हेतु निवेदन किया गया है।

प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्राधिकारी अभिलेखों में लीज की उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) किये जाने में यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन होने की दिनांक से 15 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय उ.वि.प्रा. उज्जैन भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र, उज्जैन (म.प्र.) में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष में या लिखित में मय दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात उक्त सम्पत्ति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेजों तथा बकाया राशियों जमा होने पर आवदेन तथा दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) कर दी जावेगी।

तद्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

## कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

विशाला भवन, भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र, देवास रोड उज्जैन, 456010
**सम्पर्क**- 0734-2511048, **फैक्स** - 0734-2511047

### // जाहिर सूचना //

प्राधिकरण की योजना **प्रगति नगर** योजना के अंतर्गत आवासीय उपयोग के भूखण्ड/भवन क्रं. **3/5 आई** को लीजहोल्ड से भू स्वामी अधिकार (फीहोल्ड) में परिवर्तन करने के संबंध में।

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति उज्जैन विकास प्राधिकरण के रिकार्ड में **कु. रजिया पिता मंसूरअली निवासी-3/5 आई प्रगति नगर नानाखेड़ा, उज्जैन म.प्र.** के नाम पर दर्ज है तथा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र दिनांक 23/1/23 के साथ शपथ पत्र मय फोटो आदि प्रस्तुतं कर उक्त सम्पति को लीजहोल्ड से भू स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) में संपरिवर्तन करने हेतु निवेदन किया गया है।

प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्राधिकारी अभिलेखो में लीज की उक्त सम्पति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) किये जाने में यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन होने की दिनांक से 15 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र, उज्जैन में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष में या लिखित में मय दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात उक्त सम्पति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेज तथा बकाया राशियों जमा होने पर आवेदन तथा दस्तावेज के आधार पर उक्त सम्पति भू स्वामी अधिकार (फीहोल्ड) कर दी जावेगी ।

तद्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी ।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**


# निगम ने विभिन्न स्थानों से हटाया अवैध अतिक्रमण

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम द्वारा निरंतर अवैध अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण कार्यो को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। शुक्रवार को निगम अमले द्वारा भैरूनाला, जूना सोमवारिया, गोला मंडी एवं दगड़वाड़ी में अवैधन निर्माण एवं अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई। निगम अमले द्वारा शुक्रवार को झोन 01 अन्तर्गत भैरूनाल क्षैत्र में रविदास धर्मशाला के सामने गणेश चौक ढोली गली में रामचंद्र पिता हल्लू जाटव, अभिषेक उर्फ मारू पिता हरि मारू, जूना सोमवारिया कुत्ता खेली स्थित बेबी बाई पति आनंद खत्री, टोनी उर्फ महादेव पिता आनंद खत्री द्वारा अवैध अतिक्रमण, झोन क्रमांक 02 अन्तर्गत गोला मंडी गुरू महाराज के मंदिर के पास सुभाष पोरवाल द्वारा अनुमति के बिना निर्माण कार्य करने तथा कमरी मार्ग स्थित रामप्रसाद भार्गव मार्ग दगड़वाड़ी में गुंडा अभियान अन्तर्गत फैजान एवं वसीम के मकान का ध्वस्त किया गया।

# नववर्ष के अवसर पर भगवा यात्रा का आयोजन

**उन्हेल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** धार्मिक कार्यक्रमों में अग्रणी संस्था द्वारा हिंदू नववर्ष के अवसर पर भगवा यात्रा का आयोजन करने जा रही है। संस्था 22 मार्च को हिंदू नववर्ष के अवसर पर भगवा यात्रा का आयोजन करेगी। यात्रा सुबह 10.30बजे लालबाई फुलबाई माताजी मन्दिर से प्रस्थान करेगी व सम्पूर्ण नगर भ्रमण कर पुनः माताजी मंदिरेत पहुंचेगी। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। यात्रा में बाइक सवार भगवा झंडा लेकर लोगों को अयोध्या में बन रहे भव्य श्रीराम मंदिर के लिए दर्शन करने के लिए प्रेरित करेंगे। बता दें कि देश के गृहमंत्री अमित शाम घोषणा कर चुके हैं कि अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर का कार्य जनवरी 2024 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।




### पूरे क्षेत्र से इकट्ठा होंगे श्रद्धालु


बैठक में निर्णय लिया गया कि इसमें पूरे क्षेत्र के श्रद्धालुओं को यात्रा में शामिल किया जाएगा। इसके लिए संस्था से जुड़े लोग ही अभियान चलाकर लोगों को इसके बारे में जानकारी दें रहे है। यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालु सत्संग करते हुए और जय श्रीराम के नारे लगाते हुए यात्रा का आयोजन करेंगे।

## सम्पादकीय

# गतिरोध के मायने

संसद में गतिरोध जारी है। सत्तारूढ़ पक्ष कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की माफी पर अड़ा है, तो कांग्रेस नेतृत्व वाला विपक्षी खेमा अडानी मामलों की जांच और जेपीसी के गठन पर आमादा है। विपक्ष के करीब 200 सांसदों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुख्यालय तक पैदल मार्च करने और निदेशक को ज्ञापन देने की रणनीति तय की थी, लेकिन पुलिस ने संसद के बाहर विजय चौक पर ही विपक्षी भीड़ को रोक लिया। इसी तरह विपक्ष सीबीआई निदेशक के दफ्तर और 'राष्ट्रपति भवन' तक मार्च निकालने की भी योजना बना रहा है। सबसे अहम और संवैधानिक महत्त्व का सवाल है कि संसद का गतिरोध कब और कैसे टूटेगा? क्या वित्त विधेयक, अर्थात बजट, भी शोर और हंगामे के बीच ध्वनि मत से पारित किया जाएगा? बजट पर जो संशोधन प्रस्तावित हैं या जो बहस अनिवार्य है, उसका क्या होगा? यदि बजट पर बहस ही नहीं होनी है, तो फिर संसद का औचित्य ही क्या है? कुछ राज्यों की अनुदान मांगों पर बिना विचार किए ही क्या उन्हें स्वीकार कर लिया जाएगा? विपक्ष के 16 दलों ने इंटरनेट मेल के जरिए जो ज्ञापन ईडी को भेजा है, उसमें अडानी समूह के खिलाफ गंभीर आरोप हैं, लेकिन वे दोहराव और पुराने आरोपों के अलावा कुछ और नहीं हैं। लेकिन प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने यह खुलासा नहीं किया कि अडानी और अंबानी करीब 1.75 लाख करोड़ रुपए का निवेश राजस्थान सरकार की किन परियोजनाओं में करने वाले हैं। ये संकेत सूचना के अधिकार के जरिए मिले हैं। पहले से ही कांग्रेस की राजस्थान सरकार ने करीब 65,000 करोड़ रुपए का ठेका अडानी समूह को दे रखा है। सैकड़ों एकड़ जमीन उसे मुहैया कराई गई है। कांग्रेस की ही छत्तीसगढ़ सरकार ने अडानी समूह को 11,000 करोड़ रुपए का ठेका दे रखा है। केरल में वामपंथी सरकार है। वामपंथी भी विपक्षी भीड़ में शामिल हैं। उनसे और कांग्रेस से भी सवाल किए जाने चाहिए कि यदि अडानी समूह ने फर्जीवाड़े, मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध किए हैं और वे 'महाघोटालेबाज' हैं, तो मोटे ठेके अडानी को क्यों दिए गए हैं? यह सवाल कई और राज्यों से भी किए जा सकते हैं, जहां कांग्रेस सत्ता में शामिल रही है अथवा अब भी है। बहरहाल यह बहस और सियासत जारी रहेगी, क्योंकि निशाने पर प्रधानमंत्री मोदी हैं, लेकिन गौरतलब संकेत ये भी हैं कि विपक्षी एकता में आज भी स्पष्ट दरारें हैं, जबकि आम चुनाव 2024 सिर्फ एक साल दूर है। विपक्ष के अडानी-विरोधी ज्ञापन पर शरद पवार की एनसीपी के किसी सांसद या नेता-पदाधिकारी के हस्ताक्षर नहीं हैं। इसके अलावा, तृणमूल कांग्रेस विपक्ष के मोदी-विरोधी तमाम अभियानों से अलग है। संसद के दोनों सदनों में 142 सांसदों की ताकत वाले 13 राजनीतिक दल कमोबेश विपक्षी एकता की मुहिम से बाहर हैं। यह बहुत बड़ा सियासी संकेत है। तृणमूल के अलावा, आंध्रप्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस, ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजद, तेलुगूदेशम पार्टी, बसपा और अन्नाद्रमुक आदि दल उल्लेखनीय हैं, जो कांग्रेस की छतरी तले विपक्षी एकता पर असहमत हैं।

## आनंद एकमेव होता है, उसमें सुख और दुःख का विभाजन नहीं होता है -श्री माताजी



जीवन एक ऐसी यात्रा है जिसमें अनेक पड़ावों से गुजरना होता है। इस यात्रा में कुछ सुखद व कुछ दुखद अनुभव प्राप्त होते हैं। कभी सहज तो कभी कठिन परिस्थितियां आती हैं। प्रत्येक स्थिति में समभाव रहना संभव नहीं हो पाता और इसी कारण हम अपने जीवन में आनंद की अनुभूति नहीं कर पाते। आधुनिक जीवन शैली में कठिन समय और भी अधिक निराशा व तनाव उत्पन्न कर देता है। परंतु सहजयोग ध्यान से इनका समाधान सहज ही प्राप्त किया जा सकता है। सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी ने अपनी अमृतवाणी में इसका वर्णन इस प्रकार किया है कि, सुख और दुःख एक ही साथ चलते हैं, आज कोई आदमी सुख पे चढ़ा फिर दुःख में उतरा, आशा निराशा के इस झमेले में ही मनुष्य पड़ा रहता है लेकिन आनंद एकमेव होता है, उसमें सुख और दुःख का विभाजन नहीं होता है, आनंद में मनुष्य शांत चित्त होकर के सारी चीज को देखता है जैसे कोई खेल हो, जैसे कोई नाटक हो रहा हो, सब चीज को देखता है और कोई चीज भीषण भी लगती है उसे भी वो देखता है और कारण कि वो देख सकता है साक्षी भाव से, वो उसे ठीक भी कर सकता है क्योंकि वो एक महान आत्मा है।सबको सुख हो जाये, सबको परमात्मा के साम्राज्य में जगह मिले और ऊंचे से ऊंचे पद पर बैठें, यही माँ की हार्दिक इच्छा होती है। आप स्वयं ही गलत चीजों को छोड़ देंगे जब कुण्डलिनी जागृत हो जाती है।

एक बार आपके अंदर ज्योति जागृत हो गई तो आप इसको फिर से प्रज्वलित कर सकते हैं या उसको आप बढ़ा सकते हैं, पर प्रथम कार्य है कि ज्योति प्रज्वलित हो और उसके लिए आत्मसाक्षात्कार नितान्त आवश्यक है।आपके अंदर इतनी ज्यादा शक्तियां हैं कि उनको पहले आपको पूरी तरह से प्रफुल्लित करना चाहिए, उनको जगाना चाहिए, उनको जानना चाहिए, अपने प्रति एक तरह का बड़ा आदर रखना चाहिए। पहले अपने को संवारना है,अपनी शक्तियों के गौरव में उतरना है और ये जानना है कि हमारे अंदर कितनी शक्तियां हैं और हम कितनी शक्तियों को प्राप्त कर सकते हैं, हम क्या क्या लाभ दूसरों को दे सकते हैं। आत्मज्ञान की प्राप्ति तथा अंतर्निहित शक्तियां जागृत होने पर हमें हर परिस्थिति में समभाव में रहना आ जाता है। ना तो सुख में और ना ही दुख में हम अति में नहीं जाते और तब चिर आनंद की स्थापना होती है। और तब हम स्वयं भी सुखी होते हैं तथा अपनी उपस्थिति से दूसरों को भी आनंदित करते हैं।

सहजयोग के माध्यम से इस आनंद को प्राप्त करने हेतु जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं -1800 2700 800 बेवसाइट? - sahajayoga.org.in यूट्यूब चैनल -लर्निंग सहजयोगा प्रति शनिवार शाम 06:30 बजे।

# मानों या ना मानों घर व व्यापार में कपूर के साथ लौंग जलाने से होगी सभी बाधाएं व आर्थिक संकट दूर

### शास्त्रों की बात, जानें धर्म के साथ

वास्तु शास्त्र के अनुसार कपूर और लौंग, घर में उत्पन्न होने वाली नकारात्मकता को दूर करते हैं।

ऐसे में लौंग और कपूर को साथ जलाने का भी विधान है। आपने देखा होगा कि हवन और पूजन आदि में कपूर और लौंग को साथ में जलाया जाता है ताकि नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाए।

**आरती में लौंग–**

सुबह पूजा के बाद आरती करते समय दीपक में 2 लौंग डाल कर आरती करें या कपूर में दो फूल वाले लौंग डालकर आरती करें। आपके हर काम सुगमता से होंगे और किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आएगी।

घर पर लौंग जलाने के फायदे बहुत ज्यादा होते हैं। ये वास्तु और साइंस दोनों के ही हिसाब से सही है।

जानिए इसके फायदों के बारे में।

ऐसा कितनी बार हुआ है आपके साथ कि किसी हवन या पूजन में पंडित जी ने आपको आग में लौंग डालने को कहा हो? लौंग का रीति-रिवाजों में बहुत महत्व होता है और अक्सर लोग अपने घरों के पूजन आदि में लौंग जलाया भी करते हैं। पर क्या बिना हवन और पूजन के भी कभी आपने घर में लौंग जलाने के बारे में सोचा है? इसे कुछ लोग एक टोटका मानते हैं और कुछ लोग इसे हवा को शुद्ध करने का तरीका।

आपने अक्सर सुना होगा कि घर में तेज पत्ता जलने के फायदे होते हैं,

लेकिन आज हम आपको घर में तेज पत्ता जलने के फायदे बता रहे हैं। इस लेख में हम सिर्फ वास्तु शास्त्र ही नहीं बल्कि वैज्ञानिक फायदों की बात भी करेंगे।

**क्या होता है घर के अंदर लौंग की रोशनी से?**

घर के अंदर लौंग के फायदों को लेकर सबसे पहले हमने पंडित जी से बात की। उन्होंने हमें डिटेल में बताया कि आखिर क्यों लौंग को जलाना शुभ माना जाता है। पंडित जी के अनुसार लौंग के निशान से घर की हवा की शुद्धि होती है और इसलिए ही बैक्टीरिया का नाश भी नहीं होता है। उनका कहना है कि वास्तु शास्त्र को महत्व दिया जाता है। साथ ही साथ पंडित जी का ये भी कहना है कि अगर लौंग के धब्बे को सांस के जरिए अंदर लिया जाए तो ये कुछ हद तक असीमितता के लिए भी लाभकारी हो सकते हैं।

**लौंग के साथ कपूर का प्रावधान–**

वास्तु शास्त्र के अनुसार कपूर और लौंग, घर में होने वाली आय को नकारात्मकता से दूर रखते हैं। ऐसे में लौंग और कपूर को साथ में रखने का विधान भी है। आपने देखा होगा कि हवन और पूजन आदि में कपूर और लौंग को साथ में जलाया जाएता हैं ताकि नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाए।

**घर में क्या हैं लौंग से जुड़ें वैज्ञानिक तथ्य–**

बायोटेक्नोलॉजी सूचना नेशनल सेंटर की एक स्टडी के मुताबिक लौंग के कई सारे फायदे होते हैं जो स्वास्थ्य के लिए अच्छे हैं। इसे किसी भी फॉर्म में तय करने से सेहत अच्छी होती है और डाइट में इसे लेने से ब्लड शुगर लेवल और लिवर ठीक रहता है।

किसी भी तरह से लौंग का इस्तेमाल किया जा सकता है जैसे कि लौंग का तेल, लौंग का पाउडर, लौंग को जलाकर उसका धुआं लेने से या फिर उसे खाने से। कई लोग चाय आदि में लौंग रोजाना की तरह सेवन करते हैं।

लौंग में मैग्नीज जैसी सोच है, जो ब्रेन फैंटेसी के लिए अच्छा साबित होता है। इसमें कई तरह के कार्य और एंटी एलर्जी गुण होते हैं और इसलिए लौंग का उपयोग लाभ है।

कपूर से सुपरमार्केट वाला धूम्रपान के आसपास की नकारात्मकता को नाश कर सकारात्मक ऊर्जा में परिवर्तित कर देता है। इसलिए ही नहीं कपूर रिक्सिस्ट दोष दूर करने के लिए भी किसी चमत्कार से कम नहीं है।

कपूर से कैसे करें वास्तुदोष दूर, वातावरण को सुगंधित और आसपास की नकारात्मकता को दूर करने के लिए कपूर किसी जादुई छड़ी से कम नहीं है। कपूर सनातन हिंदु धर्म में बेहद पवित्र माना जाता है। हवन करने के लिए और आरती के दौरान कपूर का इस्तेमाल किया जाता है। इससे निकलने वाला धुआं आसपास की नकारात्मकता को नाश कर सकारात्मक ऊर्जा में परिवर्तित कर देता है। इतना ही नहीं कपूर वास्तु दोष दूर करने के लिए भी किसी चमत्कार से कम नहीं है।

ऐसे में आइए जानते हैं कैसे कपूर के इस्तेमाल से घर में वास्तुदोष को दूर करें और सफलता के मार्ग खोलें।

**घर से वास्तु दोष ऐसे करें दूर**

यदि घर के किसी हिस्से में वास्तु दोष निर्मित हो रहा है तो वहां कपूर की दो टिकिया रख दें, जब वह टिकिया गल कर समाप्त हो जाए, तो वहां पर दो टिकिया दोबोरा रख दें। इस तरह कपूर बदलते रहने से घर के उस स्थान पर वास्तु दोष निर्मित नहीं होगा।

**आर्थिक संकट**

यदि आपके घर की आर्थिक स्थिति दिन ब दिन कमजोर होती जा रही है, कमाई से ज्यादा खर्च बढ़ता जा रहा है और कर्ज का भार बढ़ता चला जा रहा है। तो यह आपके रसोई घर में वास्तु दोष को दर्शाता है। ऐसी स्थिति में बिना देरी किए हुए घर के किचन में चांदी की कटोरी में कुछ लौंग और कपूर जलाएं। अगर आप रोजाना ऐसा करते हैं तो आपके घर पर मां लक्ष्मी की कृपा सदैव बनी रहेगी और कभी पैसे की तंगी नहीं होगी।

**भाग्य चमकाने के लिए**

यदि आपके कार्य में लगातार अवरोध उत्पन्न हो रहा है, काम होते-होते किसी कारणवश रुक जाता है। तो यह वास्तुदोष का कारण है। वास्तुशास्त्र के अनुसार ऐसी स्थिति में स्नान से पहले पानी में कपूर के तेल की कुछ बूंद डालें। ऐसा करने से आपके शरीर में ऊर्जा का विस्तार होगा और आपका भाग्य भी चमकेगा। लेकिन ध्यान रहे ऐसा सिर्फ शनिवार के दिन ही करें।

**गृह क्लेश दूर करने के लिए**

कई बार आपसी तालमेल अच्छा होने के बावजूद कई घर में आपसी कलह क्लेश का माहौल बना रहता है। ऐसी स्थिति में कपूर को देशी घी में डुबोकर रोजाना जलाएं और इसकी खुशबू पूरे घर में फैलाएं। ऐसा करने से आपके घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और सुख शांति बनी रहेगी तथा परिवार के सभी सदस्य रोगमुक्त रहेंगे।

17 मार्च 2023, शनिवार का दिन क्या लाया है 12 राशियों के लिए, जानिए आज के दैनिक राशिफल में...

**मेष राशि**

**आज का भविष्य** – परिवार की चिंता रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। थकान रहेगी। पिता का स्वास्थ्य संतोष देगा। अहंकार के भाव मन में न आने दें। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ होगा। आर्थिक स्थिति संतोषप्रद रहेगी।

**धर्म**



पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

**उपाय-आज मंदिर के प्रांगण में अनार का पेड़ लगाएँ। ससुराल पक्ष के साथ संबंधों में कटुता ना आने दे।**

**शुभ अंक-2**
**शुभ रंग-लाल**

**वृषभ राशि**

**आज का भविष्य** – धनागम होगा। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजगार मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें। नौकरी में ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति के योग हैं। स्वाध्याय के महत्व को समझें। संतान को अपने कार्यों में सफलता मिल सकेगी।

**उपाय-आज हनुमानजी के साथ भगवान शिव की पूजा करें।**

**शुभ अंक-4**
**शुभ रंग-हरा**

**मिथुन राशि**

**आज का भविष्य** – स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा। स्वार्थ एवं भोग की प्रवृत्ति के कारण अधिक प्रतिष्ठा प्राप्त नहीं कर पाएँगे।

**उपाय-जातक आज किसी गरीब को दान दें।**

**शुभ अंक-5**
**शुभ रंग-पीला**

**कर्क राशि**

**आज का भविष्य** – शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। विवाद न करें। दुःखद समाचार मिल सकता है। लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे। शत्रु से सतर्क रहें। काम के प्रति लापरवाही न करें, किसी बात पर मतभेद की संभावना है।

**उपाय-जातक आज हनुमान जी को केसर के लड्डू जरूर चढ़ाएं**

**शुभ अंक-4**
**शुभ रंग-हरा**

**सिंह राशि**

**आज का भविष्य** – प्रयास सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे। सुखवृद्धि एवं पारिवारिक उन्नति होगी। आर्थिक योजनाओं में धन का निवेश हो सकता है। पड़ोसियों से किसी बात पर मतभेद की संभावना है।

**उपाय-आज जातक चिड़िया को दाना पानी दे।**

**शुभ अंक-3**
**शुभ रंग-केसरिया**

**कन्या राशि**

**आज का भविष्य** – वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। मान बढ़ेगा। धनार्जन होगा। थकान रहेगी। रचनात्मक कार्य में मन लगेगा। अपना व्यवहार संयमित रखकर काम करें। मित्रों की मदद से समस्या का समाधान हो सकेगा। समय का सदुपयोग होगा।

**उपाय-जातक आज महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें**

**शुभ अंक-9**
**शुभ रंग-लाल**

**तुला राशि**

**आज का भविष्य** – बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। कामकाज की जिज्ञासा बढ़ेगी। राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यों में सफलता की संभावना है। व्यापार में मनोनुकूल लाभ होने के योग हैं।

**उपाय-जातक आज सूर्य को जल दें।**

**शुभ अंक-8**
**शुभ रंग- लाल**

**वृश्चिक राशि**

**आज का भविष्य** – फालतू खर्च होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। पुराना रोग उभर सकता है। कुसंगति से हानि होगी। अनसोचे कार्य होंगे। दांपत्य जीवन में मनमुटाव हो सकता है। पारिवारिक समस्याएँ सूझबूझ से निपटाएँ। कार्य में सहयोग मिलेगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**उपाय-जातक आज सूर्य मंत्र का जाप करें**

**शुभ अंक-6**
**शुभ रंग-हरा**

**धनु राशि**

**आज का भविष्य** – पुराना रोग उभर सकता है। बेचैनी रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। व्यापारिक गोपनीयता भंग न करें। पूंजी निवेश लाभकारी रहेगा। व्यापार की चिंता रहेगी। आपसी विचार-विमर्श लाभप्रद रहेगा। आशानुरूप स्थिति बनेगी।

**उपाय-जातक मंदिरों की सफाई करें , भगवान की कृपा बरसेगी।**

**शुभ अंक-7**
**शुभ रंग-बैंगनी**

**मकर राशि**

**आज का भविष्य** – नए अनुबंध हो सकते हैं। व्यवसाय ठीक चलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक तनाव से मन परेशान रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लाभ में कमी आ सकती है। उचित मार्गदर्शन लेना जरूरी होगा। प्रमाद न करें।

**उपाय-जातक शिव रुद्राष्टक का पाठ करें।**

**शुभ अंक-9**
**शुभ रंग-भूरा**

**कुंभ राशि**

**आज का भविष्य** – धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी। धनार्जन होगा। प्रसन्नता रहेगी। यश, प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग हैं। मनोरंजन के अवसर उपलब्ध होंगे। अनसोचे कामों में हाथ नहीं डालें। कामकाज की जिज्ञासा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**उपाय-आज जातक रविवार का व्रत करें और मंदिर जाएं।**

**शुभ अंक-1**
**शुभ रंग-सफेद**

**मीन राशि**

**आज का भविष्य** – चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम न लें। झंझटों में न पड़ें। आय में कमी होगी। व्यापार में लाभ होने के योग हैं। धार्मिक कामों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी से विवाद हो सकता है। अपनी स्थिति, योग्यता के अनुरूप कार्य करें।

**उपाय-आज भगवान शिव के साथ हनुमानजी की भी पूजा करें।**

**शुभ अंक-5**
**शुभ रंग-लाल**

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।**

संजीव-नी।

## ना करो अन्न की बर्बादी

*ना करो अन्न की बर्बादी,*
*भुखमरी पर है यह भारी,*
*चारों तरफ छाई है*
*गरीबी, भुखमरी और बेचारी,*
*भोजन की अनावश्यक बर्बादी*
*पूरी दुनिया पर पड़ रही है भारी।*

*थाली में लो भोजन उतना*
*खा सको हो तुम जितना,*

*खाना थोड़ा तुम कम खा लो,*
*गरीबों, लाचारों को*
*भूखे मरने से बचा लो,*
*उतना ही खाओ*
*जितना पचा लो,*

*थाली में ना छोड़ो तुम अन्न को*
*ना करो बेइज्जती*
*अन्न उगाने वालों की*
*मेहनत , मशक्कत को।*

*थाली में अन्न छोड़ना*
*पड़ता है भारी,*
*बढ़ती है संक्रामकता*
*और तेज होती इससे बीमारी।*

*पर्यावरण की सुरक्षा*
*भी है हमें करना*
*गरीबों के लिए भोजन*
*सुरक्षित है हमें रखना।*

*आओ आज से शपथ लें,*
*अन्न और भोजन की*
*करेंगे हम हर तरह सुरक्षा,*
*भूखो की इस तरह करेंगे रक्षा।*

*अन्नदाताओं के खून पसीने की*
*मेहनत का करेंगे सम्मान,*
*थालियों में छोड़कर*
*नहीं करेंगे*
*अन्न और भोजन का अपमान।*

***-संजीव ठाकुर***

## सभी मौन क्यों है

आज हमारे देश में जैसे मौन रहने की परंपरा चल पड़ी है। सभी अपने अपने स्वार्थ में डूबे हुए हैं।समाज का हर व्यक्ति किसी न किसी सामाजिक या राजनैतिक बंधन में बंधा होने के कारण व्यवस्था के खिलाफ बोलने से घबराता है। उदाहरण के लिए महाभारत काल में द्रोपदी का चीर हरण देख कर भी भीष्म पितामह मौन क्यों थे। श्री राम को राज्य तिलक के बदले मिले 14 वर्ष के वनवास पर मौन क्यों थे। पांडवों की माता कुंती कर्ण के साथ हुए अन्याय को देखकर भी मौन क्यों थी।चाहे शासन हो या कोई भी सामाजिक व्यवस्था किसी अन्य या अत्याचार के विरुद्ध बुद्धिजीवी और सक्षम वर्ग जब मौन रहता है तो उन्हें बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है और इतिहास उन्हें कभी माफ नहीं करता है।

आज हम देखते हैं कि देश में कहीं जगह अत्याचार शोषण पीड़ा बलात्कार जैसे मुद्दों पर हम खुलकर बोल नहीं पाते। हम मौन क्यों हो जाते हैं। देश की जनता या किसी वर्ग पर होने वाले अत्याचारों पर मौन क्यों हो जाते हैं। राजनीतिक दल चुनाव जीतने के लिए कई वादे करते हैं और जीत जाने के बाद सब वादे धरे रह जाते हैं। इस पर हम सब मौन क्यों हैं।आज विधायक सांसद आदि नेताओं के वेतन भत्ते बढ़ते रहते हैं और जनता उनके इस कृत्य पर मौन क्यों है। एक सरकारी कर्मचारी जो अपना पूरा जीवन सेवा में लगा देता है और अंत में उसे पेंशन भी नहीं मिलती है। जबकि कोई विधायक या सांसद चाहे 1 दिन के लिए भी रहा हो उसे आजीवन पेंशन मिलती है इन मुद्दे पर हम मौन क्यों हैं।कोई गरीब झूठे मुकदमों में फंस कर जेल की सजा काट रहा होता है और वास्तविक गुनाहगार अपने धन बल के कारण स्वतंत्र घूमता है। इस प्रकार की व्यवस्था पर हम सभी मौन क्यों हैं।कोई बलात्कार पीड़िता न्याय की आस में दर-दर भटकती है परंतु न्याय नहीं मिल पाता। देश का युवा योग्य होते हुए भी नौकरी के लिए भटकता रहता है और अयोग्य व्यक्ति आरक्षण के आधार पर उच्च पदों पर आसीन हो जाता है। ऐसे मुद्दों पर हम सभी मौन क्यों हैं। आज पेंशनर्स को प्रतिवर्ष अपने जीवित होने का प्रमाण पत्र देना पड़ता है। इस प्रकार की व्यवस्थाओं पर हम सभी मौन क्यों हैं।देश में ऐसे कई मुद्दे हैं जिन पर हम सभी बोलने से कतराते हैं। वास्तविकता से आंखें मोड़ लेते हैं। इन मुद्दों पर हमें बोलना चाहिए। लेकिन ना जाने क्यों हम सभी मौन क्यों हैं?

**- निलेश जोशी विनायका**

# अमेरिका, रूस और चीन के आपसी टकराव से वैश्विक शांति को खतरा



**संजीव ठाकुर**

अमेरिका ने चीन और ताइवान के संबंधों को लेकर ताइवान का खुलकर साथ देने की बात कही जिससे चीन ने आक्रामक होकर ईसे अपने अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप कहां है और कहा है कि यदि हमारे अंदरूनी मामले में कोई हस्तक्षेप करेगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दूसरी तरफ यूक्रेन को लेकर रूस अब बहुत संवेदनशील और आक्रामक हो गया हैद्य यूक्रेन से रूस ने अब निर्णायक पारी खेलने का मन बना लिया हैद्य इस तरह अमेरिका यूक्रेन तथा ताइवान को साथ देने के चक्कर में रूस और चीन से सीधा-सीधा टकराने के मूड में आ गया है। यह अलग मुद्दा है की सांडो की लड़ाई में खेतों की मेढ़ बरबाद जरूर होती हैं। इन तीनों महा बलियों की लड़ाई में अन्य पड़ोसी देशों की शांती भंग हो सकती है। दूसरी तरफ अमेरिकी प्रशासन पूरी तरह से यूक्रेन का साथ देने की कटिबद्ध है, एवं पूर्वी यूरोप में अमेरिकी राष्ट्रपति एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रुस पर दबाव डालने के लिए सैन्य बल भेजने की बात कही हैद्य अमेरिकी राष्ट्रपति की प्रेस वार्ता के हवाले अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि रूस ने सीमा के आसपास बड़ी संख्या में सैन्य जमवाड़ा कर चुका है, एवं रूसी बलों को तैनात किया हैद्य जबकि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पास अन्य सैन्य बल तथा बातचीत के जरिए का विकल्प भी मौजूद हैद्य वर्तमान की परिस्थितियों में यूक्रेन की सीमा पर लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूक्रेन के राष्ट्रपति से कहा कि रूस फरवरी या मार्च के प्रथम सप्ताह तक बड़ा हमला कर सकता हैद्य व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता एमिली होर्न ने बताया की अमेरिकी राष्ट्रपति ने आशंका जताई है कि रूस फरवरी में यूक्रेन पर सैन्य आक्रमण कर सकता है। अमेरिकी रक्षा मंत्री लाएड ऑस्टिन ने कहा कि हमारा मानना है कि यूक्रेन पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का यह अंतिम फैसला नहीं है, जबकि उनके पास कई विकल्प खुले हुए हैं। यूक्रेन पर हमला करने की निसंदेह रूस के पास संपूर्ण क्षमताएं हैं। अमरीकी प्रशासन राष्ट्रपति रक्षा मंत्री ने पुतिन से यूक्रेन पर तनाव कम करने की अपील भी की है। रूस ने कहा है कि वार्ता के द्वारा भी खुले हुए यदि यूक्रेन अपनी हठधर्मिता से पीछे हटता है तो रूस वार्ता के माध्यम से एक मध्य मार्ग के बारे में विचार कर सकता है। पर यूक्रेन अपनी तीनों शर्तों पर अड़ा हुआ वह क्रीमिया महाद्वीप को वापस लेना चाहता है और नाटो की सदस्यता भी चाहता है, रूस द्वारा पाइप लाइन बिछाकर उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर करना चाहता हैं जिसे वह कभी बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं रहेगा। स्पष्ट है कि इस मामले में अमेरिका,ब्रिटेन और अन्य यूरोपीय देश यूक्रेन के साथ साथ कंधे से कंधा मिलाकर सैन्य बल की मदद करने को तैयार है। रूस के पास अब सैन्य बलों द्वारा यूक्रेन पर चढ़ाई करने के अलावा कोई मार्ग शेष नहीं रह जाता है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति की यह आशंका कि रूस यूक्रेन पर फरवरी एवं मार्च के प्रथम सप्ताह में बड़ा हमला कर सकता है निर्मूल नहीं है। अमेरिका ने निर्णय लिया है कि वह पूर्वी यूरोप के सीमा पर एक बड़ा सैन्य बल रूस को टक्कर देने के लिए भेजेगा ।संभवत यह रूस पर दबाव डालने के लिए एक कूटनीतिक घोषणा एवं चाल हो सकती है। कुल मिलाकर यूक्रेन की सीमा पर जिस तरह से सैनिकों का जमवाड़ा इकट्ठा हो गया है, उससे जंग की आशंकाएं बढ़ गई हैं। अमेरिका के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के आर्मी जनरल मार्क मिले ने यूक्रेन के निकट तैनात रूसी सेना गंभीर तस्वीर पेश की है। उन्होंने कहा है कि यूक्रेन की सीमा पर उसने जमीन, वायु, जल क्षेत्र में बलों की तैनाती कर दी है, साथ ही रूस के पास साइबर तथा इलेक्ट्रॉनिक युद्ध की क्षमताएं भी हैं। इसके अलावा उसके पास विशेष अभियान दल भी हैं। मिले के अनुसार यह अत्यंत चिंताजनक एवं विचारणीय प्रश्न है कि इसके पूर्व रूस की इतनी लंबी चौड़ी सेना की तैनाती कभी भी यूक्रेन की सीमा पर नहीं देखी गई है। इसका मतलब सीधा और साफ है कि रूस युद्ध के प्रति एकदम गंभीर है एवं यूक्रेन को सबक सिखाना चाहता है। पर इसे वैज्ञानिक विश्लेषक अधिनायकवाद इस प्रवृत्ति को बढ़ावा देने वाला बताते हैं, जिससे विश्व युद्ध की आशंका को बढ़ावा मिल सकता है, और विश्व युद्ध होता है तो बहुत बड़ा विनाशकारी युद्ध होने की पूरी संभावना है। मिले ने पुतिन से संघर्ष के बदले कूटनीतिक मार्ग अपनाने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि रूस ने यूक्रेन की सीमा के पास एक लाख से ज्यादा सैनिक तथा जमीन से जमीन मारक क्षमता वाले टैंक तथा लड़ाकू हवाई जहाज तैनात करके रखे हैं। ऐसे में यूक्रेन जैसे छोटे देश के पास अमेरिका ब्रिटेन एवं अन्य यूरोपीय देश और नाटो देश के सदस्यों से सैन्य दल लेने के अलावा कोई और रास्ता शेष नहीं बचा है। यह तो तय है कि अमेरिका यूक्रेन की मदद करने के लिए कटिबद्ध है पर बदली हुई परिस्थितियों में यूक्रेन का साथ देने के लिए कहीं अमेरिका अलग-अलग ना पड़ जाए, इसके अलावा उसने चीन को इस मामले में दखल नहीं देने चेतावनी भी दी है। फिलहाल चीन ताइवान मामले में अमेरिका के सीधा सामने है। क्योंकि अमेरिका ताइवान को भी मदद करने का वादा कर चुका है, ऐसे में अमेरिका को कई तरफ अपनी सेनाएं भेजने का काम करना होगा। कुल मिलाकर यूक्रेन, रूस,चीन, ताइवान को लेकर वैश्विक स्तर पर अशांति का माहौल बना हुआ है। कूटनीतिक बातचीत कर इसका हल निकाल कर वैश्विक शांति का संदेश देना चाहिए।

# किसानों ने धरना देकर सौंपा ज्ञापन

**– विभिन्न मांगों के निराकरण की की मांग**



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय किसान संघ द्वारा शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें विभिन्न मांगों के निराकरण की मांग की गई। इस दौरान किसानों ने अपनी समस्याएं भी अधिकारियों को बताई।

किसानों ने बताया कि वर्तमान में सरकार की गलत नीति के कारण किसानों की फसलों के दाम औंधे मुंह गिरे है जो गेहूं 3000 रु. क्विंटल बिक रहा था वह आज 1700 व 1800 रु. प्रति क्विंटल पर आ चुका है। हमारे दरों में सर्वाधिक किसानों की संख्या 2 हेक्टेयर तक भूमि रखने वालों की है जो अपनी फसल को पकने के तुरंत बाद बेच कर अपना काम चलता है, परन्तु वर्तमान में सरकार द्वारा 20 लाख टन गेहूं खुले बाजार में लाने के कारण गेहूं के दाम औंधे मुंह गिरे है तथा आटे के दाम नही घटे है। सरकार की यह व्यवस्था किसानों के चेरहे मुरझाने जैसी है। किसानों ने बताया कि हमने पहले भी अवगत कराया कि आयात निर्यात नीति किसाने हितेषी बनाई जाना चाहिए। कृषि मूल्य सूचकांक कमजोर होने से बाजार भी सुस्त पड़े है। कहीं ऐसा ना हो कि सरकार के खिलाफ अराजकता और नाराजगी जाहिर हो जाए, आलू, प्याज एवं अन्य सभी फसलों की ओर भी ध्यान रखना जरूरी होगा। भारतीय किसान संघ मांग करता है कि इस अन्याय को दूर किया जाए। वर्तमान में बेमौसम बारिश, ओले, तूफान से फसल की हानि हुई है इसका सर्वे कर तत्काल दिया जाए। किसानों ने मांग की कि समर्थन मूल्य पर खरीदी जाने वाली फसलों को बड़े तोलकांटे से तुलवाया जाए ताकि किसानों का समय पर और सही तोल हो सके। इसके अलावा किसानों ने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण अदायगी की तारीख जिला सहकारी बैंक द्वारा 15 मार्च रखी गई है जिसे बढ़ाकर 15 मई किया जाए, ताकि किसानों की राशि ओवरड्यू न हो सके। किसानों ने यह भी बताया कि लिंक परियोजना में गांव में काम किया जा रहा थ जिसे अधूरा छोड़कर बंद कर दिया गया है। इस वजह से कई किसानों की पाइपलाइन टूटी पड़ी है जिसकी मरम्मत कराई जाए और जो गांव छोटे हैं जैसे भालूखेड़ा, बापचा, बिरगोद, बर्डिया सोन, रुलकी चौंसला आदि गांव में योजना का लाभ दिलाया जाए। इस अवसर पर सवाईसिंह सिसोदिया, जिला मंत्री अनिल पाटीदार, जिला सहमंत्री मुकेश पाटीदार, मीडिया प्रभारी ललित नागर, सत्यनारायण पाटीदार, हिम्मतसिंह राजपूत, दिनेश मंडलोई, कमल कराड़ा आदि उपस्थित थे।

## विक्रमोत्सव के अन्तर्गत हस्त शिल्प व्यापार मेले का शुभारम्भ हुआ 21 मार्च तक चलेगा मेला

**उज्जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** विक्रमोत्सव के अन्तर्गत आज 17 मार्च की शाम 5 बजे हस्त शिल्प व्यापार मेले का शुभारम्भ हुआ। मेले का शुभारम्भ महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री अंकिता धाकरे, अन्य जनप्रतिनिधिगण व अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में लोकनर्तकों द्वारा गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई। महापौर ने इसके बाद विभिन्न दुकानों पर जाकर हस्त शिल्प सामग्री का अवलोकन किया एवं व्यापारियों से चर्चा की। हस्त शिल्प व्यापार मेला 21 मार्च तक चलेगा। जिला पंचायत द्वारा आयोजित किये गये इस व्यापार मेले में विभिन्न हस्त शिल्पियों द्वारा वस्त्र, शिल्प सामग्री एवं अन्य हस्त शिल्प सामग्री के स्टाल लगाये गये हैं। कार्यक्रम का संचालन श्री शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके ने किया।

# सहायक उपकरणों के लिए 187 दिव्यांगों का चयन

**– 229 दिव्यांगजनों का पंजीयन एवं 105 नवीन दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र वितरित**

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र शाजापुर में शुक्रवार को कलेक्टर दिनेश जैन के निर्देशन में जनपद स्तरीय दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरणों की आवश्यकता के आंकलन के लिए शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में 229 दिव्यांगजनों का पंजीयन हुआ, जिसमें से 187 दिव्यांगजनों का चयन सहायक उपकरणों के लिए किया गया। साथ ही शिविर में आए 105 नवीन दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये।

जनपद पंचायत शाजापुर के ग्रामों, नगर पालिका शाजापुर एवं नगर परिषद मक्सी के दिव्यांगजनों के सहायक उपकरण चिन्हांकन के लिए शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में अस्थि बाधित 187, श्रवण बाधित 20, दृष्टि बाधित व मानसिक दिव्यांग 22 इस प्रकार के कुल 229 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया। पंजीकृत दिव्यांजनों में से 21 के लिए ट्रायसिकल, 45 मोटराइज्ड



ट्रायसिकल, 14 के लिए सामान्य व्हील चेयर एवं 01 छोटी व्हील चेयर, 12 के लिए छड़ी, 04 के लिए रोलेटर, 54 के लिए बैसाखी, 01 के लिए सीपी चेयर, 01 के लिए एमआर किट, 24 के लिए कृत्रिम अंग, 06 के लिए हिंयरींग मशीन, 02 के लिए चश्मा सहायक उपकरणों का चिन्हांकन किया गया। साथ ही 105 नवीन दिव्यांगजनों के लिए यूडीआईडी कार्ड का चिन्हांकन कर दिव्यांगजन प्रमाण पत्र दिये गये। 24 दिव्यांगजनों के आय के प्रमाण पत्र भी बनाये गये। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय अजीत श्रीवास्तव, सीईओ जनपद एचएल वर्मा, नोडल अधिकारी हेमन्त दुबे, नरेन्द्र तिवारी समग्र संयोजक, धन्नालाल हनोतिया की उपस्थिति में शिविर आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय शाजापुर के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय खण्डेलवाल, शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. उमेश गौतम, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. मनोज पंचौली, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. गोविंद शर्मा, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. तेजपाल जादौन ने अपनी सेवाएं दी।

# महिलाओं ने दशा माता का पूजन कर मांगी सुख-समृद्धि

**– पीपल के वृक्ष पर बांधा सूत, ईश्वर से की कामना**



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शीतला सप्तमी के बाद महिलाओं ने शु वार को दशा माता पर्व पर भी पूजन कर कोरोना से मुक्ति और परिवार व देश की खुशहाली की कामना की।

शुक्रवार को सुबह जल्दी पूजन की तैयारी की ओर पीपल के वृक्ष पर सूत का धागा बांधा। शहर के भावसार मोहल्ला, पुलिस लाईन, शरद नगर स्थित वृक्ष पर महिलाओं ने सूत लपेटा और विधि-विधान से पूजन किया। इस दौरान महिलाओं ने व्रत भी रखा और कथा का भी श्रवण किया। इसके बाद महिलाओं ने अपना व्रत खोलकर भोजन ग्रहण किया। मान्यता है कि दशा माता के दिन पीपल के वृक्ष पर सूत बांधने और पूजन करने से घर में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। इस बरसों पुरानी परंपरा को महिलाओं ने विधि-विधान से निभाया।

# ईरान से पाकिस्तान वहां से भारत पहुंचा फ्रैंडी तूफान, इसलिए मार्च में बरस रहे बादल

**पूरे सप्ताह ऐसा ही रहेंगे मौसम के हाल, कहीं ज्यादा तो कहीं ज्यादा होगी बारिश**

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मार्च माह में हो रही बारिश के चलते मौसम के वर्तमान हालात लोगों की समझ से परे हैं। दरअसल मौसम के ये हाल ईरान से अफगानिस्तान और वहां से भारत पहुंचे फ्रैडी तूफान ने मौसम के ये हाल किए हैं। जिसके चलते पूरे सप्ताह कभी बारिश तो कभी सर्दी का दौर जारी रहेगा।

शुक्रवार को भी आसमान पर बादल छाए रहे, जिसके कारण सूर्य नारायण के दर्शन दुर्लभ हो गए। कुछ देर बाद चली ठंडी हवाओं के बाद शहर में करीब 10 मीनिट तक कभी तेज तो कभी बूंदाबांदी हुई, जिससे मौसम में ठंडक घुल गई। तो शाम को भी आसमान पर बादलों का डेरा रहा। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि आगामी दिनों में भी मौसम के यही हाल रहेंगे और रात में या सुबह कभी भी बारिश हो सकती है। क्योंकि इस तरह का सिस्टम एक्टिव हो रहा है। जिसके चलते 21 मार्च तक बारिश का दौर जारी रहेगा।

**कम हुआ तापमान, मिली गर्मी से राहत**

वैसे मार्च माह से गर्मी की शुरूआत हो जाती है, लेकिन वर्तमान में मौसम के बदलने की वजह



ईरान से आया फ्रैडी तूफान है जिसके कारण पश्चिमी विक्षोभ बन रहा है जिसके कारण बारिश हो रही है और पूरे सप्ताह इस तरह का मौसम बना रहेगा।

**कहीं ज्यादा तो कही कम होगी बारिश**

मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि तूफान के कारण बदले हुए मौसम की वजह से सभी जगह मौसम के ये हाल हैं। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय पर जैसी बारिश शुक्रवार को हुई उससे कुछ ज्यादा या उससे कम भी हो सकती है। तो जिले में कहीं-कहीं तेज बारिश के भी आसार हैं। उन्होंने बताया कि मौसम बदलने के कारण तापमान भी कम हुआ है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 30.3 और न्यूनतम 18.1 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि एक दिन पूर्व शहर का अधिकतम तापमान 34.8 और न्यूनतम तापमान 20.1 डिग्री दर्ज किया गया था।

# मिलावट से मुक्ति अभियान'' के तहत देवास में कार्यवाही कर दूध के नमूने लेकर जांच के लिए भोपाल भेजे

**जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी**



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा ''मिलावट से मुक्ति अभियान'' आम जनता को मिलावट रहित एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए चलाया जा रहा है। अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन देवास श्रीमती निर्मला सोमकुंवर ने बताया कि अभियान में उज्जैन रोड़ एवं बीमा रोड़ से देवास शहर में आने वाले दूध विक्रेताओं से दूध के नमूनें संग्रहित कर चलित खाद्य प्रयोगशाला से 25 नमूनें जांच किये गये। हरिओम मिल्क पाईंट शिव शक्ति नगर देवास, श्री गोपालकृष्ण मिल्क कार्नर अनुकूल नगर देवास एवं श्री कृष्णा मिल्क सेंटर एम.आर. रोड़ मुखर्जी नगर देवास से दूध के सर्विलेंस नमूनें लिये जाकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को भेजे। नमूना जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात आगामी कार्यवाही की जायेगी। मिलावट से मुक्ति अभियान की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## टीकाकरण का संकल्प लें प्रदेशवासी -मुख्यमंत्री चौहान

**उज्जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि टीकाकरण घातक बीमारियों और संक्रामक रोगों से लड़ने में हमारी मदद करता है और बीमारियों से हमें सुरक्षा भी प्रदान करता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने गत दिवस राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर प्रदेशवासियों से स्वयं एवं अपने परिजन को सभी जरूरी टीके समय पर लगवाने का संकल्प लेने की अपील की है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि टीकाकरण के लिए अपने परिचित और परिजन को प्रेरित करना भी आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि टीकाकरण सुनिश्चित करने में लगे अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कर्मियों के परिश्रम और प्रयासों को सम्मान देने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 16 मार्च को राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया जाता है।

**आज शाजापुर शहर को मिलेगी करोड़ों की सौगात**

## करीब 58 करोड़ की लागत के कार्यो का होगा लोकार्पण एवं भूमिपूजन

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शाजापुर में 18 मार्च को जिला मुख्यालय पर 54 करोड़ 35 लाख रूपये लागत से निर्मित होने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल सीएम राईज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं बेरछा में 1.22 किलोमीटर लंबाई के 253.87 लाख रूपये लागत से निर्मित होने वाले बायपास का भूमिपूजन तथा बेरछा में ही 85 लाख रूपये लागत से निर्मित उप तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण किया जायेगा।

इन कार्यक्रमों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग राज्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री बृजेन्द्रसिंह यादव के मुख्य आतिथ्य के रूप में सम्मिलित होंगे तथा प्रदेश के स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) एवं सामान्य प्रशासन विभाग राज्यमंत्री श्री इंदर सिंह परमार समारोहों की अध्यक्षता करेंगे एवं क्षेत्रीय सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इन कार्यक्रमों में जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराजसिंह सिसोदिया, विधानसभा क्षेत्र शाजापुर विधायक हुकुमसिंह कराड़ा, पूर्व विधायक अरूण भीमावद, अशोक नायक, क्षितिज भट्ट, अम्बाराम कराड़ा, विजयसिंह बैस, दिनेश शर्मा, संतोष बराड़ा तथा बेरछा के कार्यक्रमों में राधेश्याम गुर्जर, ग्राम पंचायत मालीखेड़ी सरपंच सोना महेश अंसल, बेरछा सरपंच अलका जयप्रकाश नाहर भी उपस्थित रहेंगे।

# कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले की सभी पात्र महिलाओं से आग्रह किया है कि वे समग्र आईडी, आधार कार्ड एवं बैंक खाते को अपडेट कराएं और योजना का लाभ उठाए

**योजना के तहत आवेदन पत्र भरना 25 मार्च से होंगे शुरू, पात्र महिलाओं को प्रतिमाह मिलेंगे 01 हजार रूपये**

**देवास/राजेन्द्र सिंह पंवार/दैनिक मालवा हेराल्ड। देवास जिले में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत 25 मार्च से आवेदन पत्र भरना शुरू होंगे। लाड़ली बहना योजना के लिए जिले समग्र आईडी से आधार को लिंक करने के लिये वार्ड एवं ग्राम स्तर पर 24 मार्च तक विशेष सुविधा शिविर लगाये जा रहे है।**

कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने जिले की सभी पात्र महिलाओं से आग्रह किया है कि वे अपनी समग्र आईडी, आधार कार्ड एवं बैंक खाते को अपडेट कराएं तथा योजना से जुड़कर योजना का लाभ उठाए। लाड़ली बहना योजना में पात्र महिलाओं को 01 हजार रूपये प्रतिमाह दिये जायेंगे। यह महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण तथा आर्थिक स्वावलम्बन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।



सुविधा शिविरों के माध्यम से जिन हितग्राहियों के पास समग्र आई.डी. नहीं है, उनके समग्र आई.डी. बनाये जायेंगे। जिन हितग्राहियों के बैंक खाते नहीं है उनके पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से खाते खोले जाकर डीबीटी इनेबेल्ड का कार्य किया जायेगा साथ ही आधार में मोबाईल नम्बर अपडेट कराये जायेंगे। जिन हितग्राहियों के आधार में सुधार कार्य जैसे नाम, जन्म तिथि, लिंग एवं मोबाईल नम्बर सुधार के लिए निकटतम आधार केन्द्र की जानकारी प्रदान की जायेगी।उल्लेखनीय है कि श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लाड़ली बहना योजना का शुभारम्भ 5 मार्च को किया गया। लाड़ली बहना योजना में पात्र महिलाओं को 01 हजार रूपये प्रतिमाह दिये जायेंगे। योजना में ऐसी विवाहित महिलाएं जिनकी आयु एक जनवरी 2023 को 23 से 60 वर्ष के बीच हो, परिवार को कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी नहीं हो, परिवार में पति, पत्नी और बच्चे शामिल किये जायेंगे। जिनके परिवार में 5 एकड़ से कम कृषि भूमि हो, चार पहिया वाहन, ट्रैक्टर इत्यादि नहीं होने चाहिये। परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रूपए से कम हो तथा जो आयकरदाता न हो, ऐसी महिलाएं योजना के लिए पात्र होंगी। एक हजार रुपये से अधिक पेंशन प्राप्त करने वाली महिलायें अपात्र होंगी। पंच और उप सरपंच को छोड़कर अन्य सभी पंचायत राज संस्था और नगरीय निकाय की निर्वाचित महिला प्रतिनिधि योजना के तहत अपात्र होंगी।

## लाडली बहना योजना की ई केवाईसी के लिए किया एम पी आनलाइन का अधिकारियों ने निरीक्षण




**भोरासा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भौरासा समूर्ण मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना की घोषणा के बाद समग्र पोर्टल पर लंबित ई केवाईसी के लिए कैंप लगाए गए है साथ ही एम पी आनलाइन की दुकानों एवं सीएससी सेंटरो पर यह कार्य सरकार की ओर से जनता के लिए निशुल्क कर दिया है वही इन दुकानदारों को पोर्टल से 6 रुपए से बड़ा कर 18 रुपए इस कार्य के लिए दिए जा रहे है फिर भी कई जगह महिलाओ से इसके लिए अलग से चार्ज लिया जा रहा है जिसकी सूचना भौरासा की नायब तहसीलदार श्रीमती दीपिका परमार को इसकी सूचना पत्रकारों के माध्यम से मिली जिसके बाद तुरंत वे सभी दुकानों के निरीक्षण पर पहुंची व सभी जगह जाकर इस तरह की जानकारी ली जिसने मौके पर सभी दुकानदारों को समझाइश दी गई की किसी भी महिला से पैसे नही लेना है यह निशुल्क व्यवस्था है अपनी दुकानों पर बड़े अक्षरों में निशुल्क केवाईसी का बोर्ड चस्पा करें अगर ऐसी शिकायत मिलती है तो कड़ी कायवाही की जायेगी वही इनके साथ नगर परिषद सीएमओ श्रीमती सविता सोनी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, पार्षद भादर सिंह भाटिया, सचिन यादव, छोटेलाल लोधी, सुरेश मालवीय, व अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# घर की दशा और दिशा बदलने के लिए महिलाओं ने करी दशामाता की व्रत और पूजा

**भौरासा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** चैत्र कृष्ण की दशमी के दिन महिलाएं दशा माता का व्रत करती है दशा माता व्रत मुख्य रूप से सुहागिन महिलाएं घर की दशा ठीक होने के लिए किया जाता है माना जाता है कि जब मनुष्य की दशा ठीक होती है तब उसके सभी कार्य अनुकूल होते हैं किंतु जब यह प्रतिकूल होती है जब मनुष्य को बहुत परेशानी होती है इसी परेशानियों से निर्यात पाने के लिए इस व्रत को करने की मान्यता है इसमें दीवार पर स्वास्तिक बना कर एवं मेहंदी अथवा सिंदूर से वही दस बिंदिया



अंगुली से बना कर पूजा सामग्री में रोली मोली सुपारी चावल दीप नैवेद्य धूप अगरबत्ती ले कर इस दिन महिलाएं कच्चे सूत का डोरा लाकर डोरे की कहानी कहती है इसके लिए सूत का बना श्वेत धागा ले और उसमें गांठ लगा ली जाती है तत्पश्चात उसे हल्दी में रंग लिया जाता है इस धागे को दशा माता की बेल कहते हैं इसकी पूजा भी साथ में ही करते हैं और डोरे में 10 गांठ लगाकर गले में बांध लेते हैं इससे फिर पूरे साल कभी ना उतारते हैं अगले वर्ष जब पुन्र पूजा करते हैं तो उसे उतारकर नए धागे की पूजा करके धारण किया जाता है महिलाएं पीपल की पूजा कर 10 बार पीपल की परिक्रमा करते हुए उस पर सूत्र लपेटी हैं नियमानुसार दशा माता की पूजा एवं अर्चना करने से दशा माता की कृपा प्राप्त होती है घर में सुख शांति व समृद्धि आती है इस दिन कच्चे सूत का 10 तार का डोरा से भी पीपल की पूजा महिलाएं करती है सुहागिन महिलाएं इस डोरे की पूजा के बाद पूजन स्थल पर नल ,दमयंती की कथा सुनती है इसके बाद महिलाएं अपने घरों पर हल्दी और कुमकुम के छापे लगाती है इस दिन में एक ही बार अन्न ग्रहण करती हैं जिसमें एक ही प्रकार के अन्न के प्रयोग का विधान है भोजन में नमक का प्रयोग पूर्ण रूप से वर्जित माना जाता है इस दिन प्रयोग किए जाने वाले अन्न में गेहूं का प्रयोग विशेष तौर पर किया जाता है इस दिन घर की साफ सफाई के लिए नई झाडू खरीदने का भी विधान है दशा माता व्रत जीवन भर किया जाता है इस व्रत का उद्यापन नहीं किया जाता है इसी तरह आज नगर के कुमावत मोहल्ले में स्थित श्री महा बगलेश्वर महादेव शिव मंदिर पर पीपल के वृक्ष के नीचे नगर परसाई संजय कुमार जोशी व मनोज जोशी के द्वारा नगर में सुख शांति व नगर के घरों में सुख शांति समृद्धि के लिए एक सामूहिक महिलाओं को दशा माता की कथा सुना कर पूजन पाठ करवाया गया इसी तरह नगर के कई क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा दशा माता की पूजा पाठ कर कथा सुनी गई !

## मिलावटी दूध और दुग्ध उत्पादों के 103 नमूनों की रिपोर्ट जारी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश में 2 मार्च से खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा नकली-मिलावटी दूध और उससे बने उत्पादों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में अब तक दूध और दूध से बने उत्पादों के 8083 नमूने लिए गए हैं। राज्य खाद्य प्रयोगशाला द्वारा 310 लीगल नमूनों में से 103 की रिपोर्ट जारी की गई है। इनमें 83 नमूने मानक, 17 अमानक, 02 मिथ्याछाप स्तर के पाये गये। भिण्ड जिले से प्राप्त दूध का एक नमूना जाँच में असुरक्षित पाया गया है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा प्रशासन डॉ. सुदाम खाड़े ने बताया कि विशेष अभियान में नकली-मिलावटी दूध और उससे बने उत्पादों का निर्माण, संग्रह और विक्रय करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही भी की जा रही है। नकली - मिलावटी दूध और उससे बने उत्पादों के निर्माण तथा विक्रय से जुड़े 2 संस्थान के लाइसेंस निरस्त किए गए और 4 संस्थान के विरुद्ध न्यायालय में प्रकरण दर्ज कराए गए हैं।

# बदमाशों के अवैध मकानों को तोड़ने की कार्रवाई की गई

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। गुंडे-बदमाशों पर अंकुश लगाए रखने और आपराधिक गतिविधियों से अवैध निर्माण को तोड़ने की मुहिम प्रशासन, नगर निगम और पुलिस ने संयुक्त रूप से एक बार फिर शुरू कर दी है। शुक्रवार को 4 बदमाशों के अवैध मकानों को तोड़ने की कार्रवाई की गई।**

पिछले कुछ महीनों से प्रशासन, नगर निगम और पुलिस की गुंडे बदमाशों और अवैध अतिक्रमण को हटाने की मुहिम बंद थी। जिसे गुरुवार से एक बार फिर शुरू कर दिया गया। पहले दिन नीलगंगा और नागझिरी क्षेत्र में एक बदमाश के साथ शासकीय जमीन पर कब्जा करने वाले दो व्यक्तियों के मकान और निर्माण को तोड़ा गया था। शुक्रवार को संयुक्त रूप से टीम जीवाजीगंज क्षेत्र में रहने वाले बदमाशों के अवैध मकानों को तोड़ने के लिए पहुंची। जीवाजी गंज थाना क्षेत्र के बदमाश टोनी उर्फ महादेव पिता आनंद खत्री निवासी जूना सोमवारिया लगातार अपराधिक गतिविधियों में शामिल है उसके खिलाफ 13 अपराध तब तक दर्ज हो चुके हैं। पुलिस और प्रशासन ने नगर निगम से बदमाश की अवैध संपत्ति का लेखा-जोखा मांगा था। नगर निगम ने पाया कि बदमाश ने अवैध तरीके से मकान का निर्माण किया है जिसके कोई दस्तावेज नगर निगम में नहीं है। निगम की टीम ने प्रशासन और पुलिस के साथ मिलकर उसके मकान को हथौड़े और जेसीबी की मदद से तोड़ने की कार्रवाई की। जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के ही बदमाश अभिषेक उर्फ मारू पिता हरि ने रविदास धर्मशाला के सामने गणेश चौक में अवैध मकान का निर्माण कर रखा था निगम की जेसीबी उसके मकान पर भी चली। पुलिस के अनुसार अभिषेक पांच संगीन अपराधों को अब तक अंजाम दे चुका है। नगर निगम पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम में कमरी मार्ग रोजा कंपाउंड के सामने चितेरा बाखल में रहने वाले अपराधी प्रवती के वसीम पिता अब्दुल वहीद और फैजान पिता अब्दुल वहीद के अवैध निर्माण को भी जमींदोज कर दिया। वसीम 4 और फैजान पर 6 अपराध दर्ज है। जीवाजीगंज सीएसपी अनिल सिंह मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन बदमाशों के खिलाफ संगीन मामले दर्ज है उनकी अवैध संपत्तियों का पता नगर निगम और प्रशासन से मांगा जा रहा है। निर्माण अवैध होने पर निगम की टीम तोड़ने की कार्रवाई कर रही है। नगर निगम भवन अधिकारी अनिल जैन का कहना है कि पुलिस और प्रशासन द्वारा गुंडे बदमाशों की अवैध निर्माणों की जानकारी मांगी जा रही है। निगम में गुंडे बदमाशों की संपत्ति के संबंध में दस्तावेज देखे जा रहे हैं अगर निर्माण बिना अनुमति और अवैध सामने आ रहा है तो प्रशासन और पुलिस के साथ मिलकर उसे हटाने की कार्रवाई की जा रही है। विदित हो कि गुरुवार को नगर निगम और पुलिस की टीम में सुदर्शन नगर में रहने वाले बदमाश पप्पू भाटी के मकान को तोड़ने की कार्रवाई की थी। वही कवेलू कारखाना और नागझिरी क्षेत्र में अवैध तरीके से किए गए कब्जे पर जेसीबी चलाकर शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया था।

## विक्रमोत्स व 2023- आईएफएफएएस के पहले दिन 12 फिल्मोंा की स्क्रीनिंग पेरू एम्बेंसी के राजदूत ने किया अंतरराष्ट्रीय फिल्मद समारोह का उद्घाटन




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत उत्कर्ष, नवजागरण और वृहत्तीर भारत की सांस्कृोतिक चेतना पर एकाग्र विक्रमोत्सेव 2023 (विक्रम सम्वित् 2079) अंतर्गत आईएफएफएएस पौराणिक फिल्मोंं का अंतरराष्ट्री य समारोह का शुभारंभ पेरू एम्बेसी के राजदूत एच.ई. श्री जेवियर मैन्यूएअल पॉलिनिच वेलार्डे तथा पेरू एम्बेसी के फर्स्ट्स सेक्रेटरी श्री फाबियो सुबिया डियाज ने किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए वेलार्डे ने कहा कि उज्जैेन में विश्वे के पुरातन इतिहास पर केन्द्रित फिल्मि फेस्टिवल में शामिल होकर मैं अपने आप को सौभाग्यमशाली मानता हूँ। मैं इसके लिए महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी और मध्यतप्रदेश सरकार को बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ। उन्होंदने कहा कि प्राचीन इतिहास गौरव तथा ज्ञान परंपरा को फिर से पहचानने का यह प्रयास सराहनीय है। प्राचीन इतिहास युद्ध नहीं बल्कि ज्ञान-विज्ञान-संस्कृचति के उत्कनर्ष से समृद्ध है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाराजा विक्रमादित्यद शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने कहा कि 17 से 21 मार्च 2023 तक चलने वाले इस समारोह में आजादी के 75 अमृतवर्ष के अवसर पर देश और दुनिया की 75 बेहतरीन फिल्मों3 की स्क्रीनिंग की जा रही है जो दुनिया के पौराणिक, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, वैदिक ज्ञान, विज्ञान और संस्कृ ति पर केन्द्रित हैं।

## सार समाचार

### वृद्ध पर कुत्ते ने किया हमला

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नाश्ता कर रहे वृद्ध पर शुक्रवार सुबह कुत्ते ने हमला कर दिया। वृद्ध के गिरने पर कुत्ता नाक काट ली। वृद्ध को लोगों ने बचाकर अस्पताल पहुंचाया। दाहोद का रहने वाला जुगलकिशोर पिता भूरेलाल उज्जैन आया था और मजदूरी का काम कर रहा है। सुबह महाकाल मंदिर दर्शन करने गया था, जहां से पैदल जिला अस्पताल के पीछे होटल पर पहुंचे और नाश्ता करने लगे। उसी दौरान सड़क पर घूम रहे कुत्ते ने जुगलकिशोर पर हमला कर दिया, वह गिर पड़ा और कुत्ते ने उसकी नाक काट ली। लोगों ने उसे बचाकर कुत्ते का भगाया, लेकिन नाक का आधा हिस्सा कुत्ता ले जा चुका था। खून से लथपथ हो चुके जुगल को जिला अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है। गुरुवार देर शाम बडऩगर के ग्राम पिठौरा से जुमन पिता बाबूखां (60) को परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जुमन खां पर मवेशियों को चारा डालते वक्त कुत्ते से हमला किया और उसकी भी नाक काट ली थी। परिजनों का कहना था कि कुछ समय से गांव में कुत्ता हर किसको को अपना शिकार बना रहा है।

### बदमाशों ने महिला गले से ढाई तोला वजनी सोने की चेन गायब कर दी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** देश के लिये जान न्यौछावर करने वाले शहीद की बहन सब्जी मंडी खरीददारी करने गई थी। भीड़ में अज्ञात बदमाशों ने गले से ढाई तोला वजनी सोने की चेन गायब कर दी। पुलिस ने सिर्फ आवेदन लेकर जांच का आश्वासन दिया है।

महानंदानगर में रहने वाली शहीद बलराम जोशी की बहन दुर्गा पति गिरीश जोशी बीती शाम बिरला अस्पताल के पास सब्जी मंडी में खरीददारी करने के लिये गई थी। जहां भीड़ में उनके गले से ढाई तोला वजनी सोने की चेन गायब हो गई। उन्हे चेन गायब होने का पता चलते ही नानाखेड़ा थाने पहुंची और बताया कि भीड़ में किसी ने गले पर हाथ मारा था। लेकिन पुलिस ने कहा कि पहले घर जाकर अपने सामान में चेक करे। वह घर लौटी और सामान भी देखा चेन नहीं मिलने पर दोबारा थाने आई तो पुलिस ने शिकायती आवेदन लेकर जांच का आश्वासन दे दिया। विदित हो कि नानाखेड़ा थाना क्षेत्र में लगे वाली सब्जी मंडी और हाट बाजार में हमेशा महिलाओं के साथ वारदाते होना सामने आती है। पूर्व में भी कई बार चेन, मोबाइल बदमाश चोरी कर चुके है। पुलिस शिकायती आवेदन लेकर मामला ठंडे बस्ते में डाल देती है। जिसके चलते क्षेत्र में बदमाशों के हौंसले बुलंद दिखाई दे रहे है।

### बडऩगर कृषि मंडी पहुंचे किसान का 4 लाख रुपयों से भरा झोला बदमाशों ने उड़ा दिया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ट्रेक्टर-ट्राली से उपज लेकर बडऩगर कृषि मंडी पहुंचे किसान का 4 लाख रुपयों से भरा झोला बदमाशों ने उड़ा दिया। वादात के बाद किसान ने मामले की शिकायत थाने पहुंचकर की। पुलिस बदमाशों की तलाश में कैमरों के फुटेज देख रही है। ग्राम झलारिया का रहने वाला किसान फखरू पिता शकुर खान 55 वर्ष 2 दिन पहले उपज से भरी ट्रेक्टर-ट्राली लेकर बडऩगर कृषि मंडी आया था। उसने गेहूं का सौदा मंडी में ललित ट्रेडर्स पर किया। उपज के बदले उसे चार लाख रुपये मिले थे। मंडी से वह अपनी बाइक पर रुपयों से भरा झोला टांग गांव जाने के लिये निकला। ट्रेक्टर-ट्राली उसका ड्रायवर लेकर आने वाला था। किसान घर जाते वक्त कोर्ट चौराहा पर बच्चों के लिये फल खरीदने के लिये रुका उसने अपनी बाइक खड़ी की ओर खरीददारी करने लगा। उसी दौरान बाइक पर सवार होकर तीन बदमाश आए और किसान की बाइक पर टंगा झोला लेकर भाग निकले। किसान ने शोर मचाया, लेकिन लोग कुछ समझ पाते बदमाश भाग निकले थे। वारदात की सूचना किसान ने बडऩगर थाने पहुंचकर की। पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाशों की तलाश शुरु की, इस दौरान कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस क्षेत्र में लगे कैमरों के फुटेज देख रही है। टीआई मनीष मिश्र ने बताया कि बदमाशों के फुटेज मिले है। बदमाश उन्हेल की ओर भागते दिखाई दिये है। फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश के प्रयास किये जा रहे है। जल्द बदमाशों को गिरफ्तार करने के प्रयास किये जा रहे है।

## प्रमुख सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति श्री उमाकांत उमराव ने रबी उपार्जन की संभागीय समीक्षा बैठक ली




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रमुख सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग श्री उमाकांत उमराव ने रबी उपार्जन वर्ष 2023-24 की संभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने समर्थन मूल्य पर पंजीयन कराया है, उन किसानों को यह स्वतंत्रता रहेगी कि वे अपनी सुविधा अनुसार उपार्जन केन्द्रों का चुनाव कर सकेंगे। बताया गया कि इस वर्ष शासन ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2125 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि रबी फसलों का रकबा गत वर्ष के अनुपात में बढ़ा है। गत वर्ष 15 लाख 71 हजार 85 हेक्टेयर में रबी फसलों की बोवनी की गई थी। वहीं इस वर्ष 2023-24 में यह रकबा बढ़कर 16 लाख 47 हजार 529 हेक्टेयर हो गया है। प्रमुख सचिव श्री उमराव ने बताया कि सभी पंजीकृत किसानों का सत्यापन लगभग किया जा चुका है।

प्रमुख सचिव श्री उमराव ने संभाग के सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिये कि वे लगातार अपने-अपने जिले में किसानों के पंजीयन की लगातार समीक्षा करें। सत्यापन उपरांत किसानों की सूची ग्राम पंचायत में चस्पा करायें। जितने उपार्जन केन्द्र हैं, उन सभी उपार्जन केन्द्रों का स्थल भी निर्धारित करें। अधिकतम गोदाम एवं साइलो कैप खरीदी केन्द्र के समीप ही रखें। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिये कि सभी कलेक्टर्स जिले में खरीदी के बाद भण्डारण एवं परिवहन पर सतत निगरानी रखें एवं भौतिक सत्यापन लगातार करते रहें। परिवहन कार्य योजना की समीक्षा करें। हर खरीदी केन्द्र में तौलकांटे की व्यवस्था सुनिश्चित करें। गोदामों में भी तौलकांटे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिये कि सभी खरीदी केन्द्रों में बारदानों की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाये। बारदाने को लेकर कोई भी अव्यवस्था खरीदी केन्द्रों में न हो। उन्होंने उपज भुगतान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि किसानों, समिति, परिवहनकर्ता एवं वेयर हाउस गोदामों को भी भुगतान नियमित रूप से होता रहे।

प्रमुख सचिव ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिये कि वे सप्ताह में दो दिन जिला उपार्जन समिति की बैठक लेकर आ रही समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने उपार्जन कार्य की निगरानी के लिये उड़नदस्ता दल का गठन करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही निर्देश दिये कि हर सोसायटी में खरीदी की जानकारी ई-उपार्जन पोर्टल में दर्ज कराना सुनिश्चित करें। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिये कि उड़नदस्ता दल खरीदी केन्द्रों का सतत निरीक्षण करते रहें। श्री उमराव ने निर्देश दिये कि गोदामों में लम्बे समय तक स्कंद का भण्डारण न होने पाये। जैसे-जैसे स्कंद आता जाये, वैसे-वैसे ही उसका परिवहन होता रहे। उन्होंने गत वर्ष से भण्डारित स्कंद को खाली कराने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कुछ वेयर हाउस में अमानक स्तर का गेहूं गत वर्ष से स्टॉक करके रखा गया है। ऐसे गेहूं का निष्पादित किया जाये। उन्होंने कहा कि अमानक स्तर के गेहूं का भुगतान गोदामों को नहीं किया जायेगा।

प्रमुख सचिव श्री उमराव ने अमानक गेहूं के सम्बन्ध में बताते हुए कहा कि सिकुड़े एवं टूटे हुए दाने, नमी वाले, आंशिक क्षतिग्रस्त दाने, गेहूं में अन्य खाद्यान्न या विजातीय तत्व पाये जाने पर वह अमानक स्तर का कहलाता है। ऐसे अमानक गेहूं का रिकार्ड उन्होंने अलग रखने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि जो किसान उपार्जन के लिये केन्द्र में आता है, ऐसे किसानों को एक नम्बर अलॉट किया जाये। वही नम्बर उस किसान की बोरी पर भी चस्पा किया जाये, ताकि यदि गेहूं अमानक स्तर का है तो उसका प्रस्ताव शासन को भिजवाया जा सके। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने इस सम्बन्ध में गाईड लाइन बनाई है। बैठक में सभी कलेक्टर्स ने बताया कि इस बार गत वर्ष की तुलना में मात्र 60 प्रतिशत किसानों ने ही समर्थन मूल्य पर अपना पंजीयन कराया है। किसानों को व्यापारी समर्थन मूल्य से ज्यादा कीमत दे रहे हैं, इसलिये किसान सीधे व्यापारियों को अपनी उपज बेचने में रूचि दिखा रहे हैं। कई जगह व्यापारियों ने किसानों से खड़ी फसल का ही सौदा कर लिया है और यह सभी जगह हो रहा है।

### मदिरा दुकानों के निष्पादन के लिये टेण्डर आज खोले जायेंगे

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आबकारी नीति के प्रावधानों के अनुरूप उज्जैन जिले की नवीनीकरण ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से निष्पादन से शेष रही फुटकर कम्पोजिट मदिरा दुकानों के सात एकल में सम्मिलित कुल 18 कम्पोजिट मदिरा दुकानों का वर्ष 2023-24 के लिये अर्थात एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक की अवधि के लिये कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला निष्पादन समिति द्वारा कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में ई-टेण्डर हेतु ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र आज शनिवार 18 मार्च को अपराह्न 3.30 बजे खोले जायेंगे। इसी दिन जिला समिति द्वारा ई-टेण्डर के माध्यम से निराकरण टेण्डर खोलने की प्रक्रिया पूर्ण की कार्यवाही की जायेगी। इस आशय की जानकारी सहायक आबकारी आयुक्त द्वारा दी गई।

### एक दिवसीय रोजगार मेले में 94 आवेदकों को मार्गदर्शन एवं परामर्श दिया गया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये 153 महाश्वेता नगर में जिला रोजगार कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 16 मार्च को किया गया। मेले में निजी क्षेत्र के विभिन्न नियोजकों नवभारत फर्टिलाइजर, प्रतिभा स्वराज उज्जैन, पटेल मोटर्स इन्दौर, मां चामुण्डा द्वारा साक्षात्कार लिया गया और 51 आवेदकों को ऑफर लेटर प्रदाय किये गये। रोजगार मेले में 155 आवेदकों ने भाग लिया था।

### लघुकथा - // भ्रम //

महेंद्र की माँ ! लगता है घर नहीं पहुँच पाएँगे आज शाम तक भी। त्यौहार हमारा इस साल का; गया। नहीं मना पाएँगे हम अपने बच्चों के साथ होली। छोटे-छोटे बच्चे भी दादा-दादी कैसे नहीं आ रहे हैं ; सोच रहे होंगे। हमारा नसीब ही खराब है। ट्रेन मिस होने पर लोकनाथ ने अपने गाँव जाने वाली बस का पता लगाया। अपने हताश पति लोकनाथ को देख कौशल्या के चेहरे पर बदरी छा गयी।

अब कर ही क्या सकते हैं ? चल, पैदल चलते हैं। पहुँचेंगे साँझ-रात तक। अपना सामान समेटते हुए कौशल्या बोली। पर आज के दिन माहौल बहुत खराब रहता है। लोगों का बस पीना-खाना तो है। मैं अकेला रहता, तो बात अलग होती। लोकनाथ का चिंतित स्वर निकला। सोच-विचार करके दोनों बस स्टैंड से निकल पड़े।

एक घंटा का रास्ता तय हुआ था। तभी एक पुलिस गाड़ी की आवाज सुन लोकनाथ और कौशल्या किनारे हुए। गाड़ी रूकते ही दोनों घबरा गए। एक पुलिस अधिकारी ने खिडक़ी से झाँकते हुए दोनों पति-पत्नि से उनकी जानकारी ली। फिर दोनों को बड़े सम्मानपूर्वक गाड़ी पर बिठाया। बीस-पच्चीस मिनट बाद गाड़ी लोकनाथ के गाँव पहुँच गयी।

लो साब हमारी तरफ से मिठाई ले लेना अपने बच्चों के लिए। गाड़ी से उतरते हुए लोकनाथ ने पुलिस अधिकारी को सौ रुपये का नोट दिया। कौशल्या को नोट लौटाते हुए पुलिस अधिकारी बोले- लो अम्मा, इसे आप रक्खो। इससे अपने नाति-नातिनों के लिए पिचकारी ले देना। गाड़ी पर बैठे सभी पुलिस वाले गाड़ी से उतरे, और लोकनाथ-कौशल्या के माथे पर गुलाल लगाए।

मुड़ते हुए गाड़ी पर बैठे पुलिस अधिकारी को देख आज पुलिस के प्रति लोकनाथ का भ्रम दूर हो गया। कौशल्या पुलिस अधिकारी की वर्दी के स्टार्स को गिन रही थी- एक.. दो.. तीन...।



-टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला

### वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी और जिले के प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने शोक संवेदना प्रकट की

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी और जिले के प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने शुक्रवार 17 मार्च को शाम उज्जैन प्रवास के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव के गीता कॉलोनी अब्दालपुरा स्थित उनके निवास स्थान पर पहुंचकर उनकी माताजी स्व.श्रीमती लीलाबाई यादव के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने इस दौरान स्व.श्रीमती लीलाबाई यादव के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

### सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम एवं विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्री सखलेचा ने शोक संवेदना प्रकट की

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम एवं विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने शुक्रवार 17 मार्च को शाम उज्जैन प्रवास के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव के गीता कॉलोनी अब्दालपुरा स्थित उनके निवास स्थान पर पहुंचकर उनकी माताजी स्व.श्रीमती लीलाबाई यादव के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। मंत्री श्री सखलेचा ने इस दौरान स्व.श्रीमती लीलाबाई यादव के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

### शिक्षा दान।

*शिक्षा दान राष्ट्रीय उपकार है,*
*उन्नति और प्रगति का प्रकार है,*
*संजीवनी स्वरूप एक उन्नत प्रयास है,*
*हृदय तल से इसे मिलता आभार है,*
*उन्नत समावेशी संस्कार है,*
*इससे खुशियां मिलती अपार है,*
*यह दान एकात्म भाव से मुक्त कराता है,*
*मिल-जुलकर रहने की बात बताता है,*
*समग्र विकास की उन्नत रंगशाला है,*
*रोजगार के लिए सक्षम कार्यशाला है,*
*वंचितों को प्यार का उद्गार है,*
*शिक्षा का अपूर्व उपहार है,*
*शिक्षा दान की अनोखी संस्कृति,*
*आज़ वैश्विक स्तर पर धमाल मचा रही है।*
*वतनपरस्त लोगों को सही राह पर चलना सिखा रही है।*
*शिक्षा दान सर्वोत्तम अहसान है,*
*बुद्धिजीवियों का आत्मस्वाभिमान है।*
*गरीबों और वंचितों पर उपकार है।*
*राष्ट्रीय जरूरत है,*
*समग्र देश में बढ़ रही इसकी खास अहमियत है।*
*शिक्षा दान आपकी तिजोरी की खुबसूरती कम नहीं करती,*
*आगे बढ़ने में यह उन्नत संस्कार भरपूर मदद ही है करतीं।*
*शिक्षा दान की संस्कृति जनजन तक स्वीकार्य है,*
*मजलूमों पर एक बड़ा उपकार है।*
*यह एक मजबूत शख़्सियत बनकर ,*
*सदैव हमें आगे बढ़ाते रहता है।*
*शिक्षा दान की ज्योति से समाज को प्रकाशित कराने में,*
*अहम् भूमिका निभाते रहता है,*
*उन्नत और प्रखर राष्ट्रीय स्वाभिमान है,*
*जगत -संसार में इस दान की उत्कृष्ट पहचान है,*
*यहां खत्म करने का सिलसिला नहीं है,*
*यह कलम और क़दम की एक आन बान और शान है,*
*इस कारण शिक्षा दान पर हर शख्स को होता अभिमान है।*
*आओ हम सब मिलकर एक उन्नत प्रयास करें,*
*शिक्षा दान पर खूलेमन व गम्भीरता से*
*विचार करें।*

***-डॉ. अशोक, पटना, बिहार।***



## लेख-हरियाणा कौशल भर्ती, अध्यापक परेशान, दूर स्टेशन, तनख्वाह जीरो समान



**कौशल के नाम पर ढिंढोरा पीटती सरकार की सच्चाई है बेहद डरावनी. सिस्टम के साथ खिलवाड़ कर मेरिट से भर्ती हुए अध्यापकों की स्थिति है बेहद चिंतनीय. 18000 से 20000 की नौकरी के लिए पोस्ट ग्रेजुएट और एचटेट पास उच्च शिक्षित युवा हुए बेघर. घर से सैंकड़ों किलोमीटर दूर नौकरी पर भेजे. निगम ट्रांसफर के नाम पर एप्लीकेशन एकत्रित कर रहा बस, करता कुछ नहीं. पिछले तीन माह से तनख्वाह का एक भी पैसा नहीं आया. किरायेदार घर से निकाल रहे. मानसिक रोगों का शिकार हो रहे. भविष्य में पक्की नौकरी पर मुख्यमंत्री की ना. ऐसे में हरियाणा कौशल एक ड्रामा और समय की खपत नहीं तो और और क्या ?**

**-प्रियंका सौरभ**

जी हाँ, हरियाणा सरकार की चर्चित योजना हरियाणा कौशल के तहत भर्ती किए गए कर्मचारी बिलकुल नाखुश है. एक तरफ जहां सरकार हरियाणा कौशल के तहत भर्ती को अपनी कामयाबी का सबसे महत्वपूर्ण माइलस्टोन मानती है वही इस निगम के तहत भर्ती किए गए कर्मचारी चाहे किसी भी विभाग में हो आज के दिन तरह-तरह की चुनौतियों से जूझ रहे हैं. हम बात करते हैं हाल ही में हरियाणा के स्कूल शिक्षा विभाग में हरियाणा कौशल के तहत भर्ती किए गए अध्यापकों की और इन अध्यापकों में भी खासकर महिला अध्यापकों की जिनकी समस्याएं आज सबसे ज्यादा है.

हाल ही में हरियाणा सरकार ने हजारों की संख्या में हरियाणा कौशल के तहत राज्य के सरकारी स्कूलों में पीजीटी और टीजीटी अध्यापकों की भर्ती की है. सरकार इस भर्ती के लिए अखबारों की सुर्खियों में रही कि हमने योग्यता के आधार पर राज्य के गरीब युवाओं को नौकरी देकर एक अनुपम कार्य किया है. मगर इन अध्यापकों को भर्ती हुए आज चार से पांच महीने होने को है. मगर अभी तक इनके खाते में ?1 भी नहीं आया. वेतन की बात तो दूर इन नए अध्यापकों को घर से सैकड़ों किलोमीटर दूर स्कूल स्टेशन दिए गए. कही-कहीं तो ऐसे स्कूल स्टेशन दिए गए जहां पहुंचना जंगल में रास्ता खोजने से कम नहीं है.

यातायात की कमी के चलते अध्यापकों को स्कूल तक पहुंचने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है. मेरे इस प्रश्न के जवाब में सरकार के नुमाइंदे यह भी कहेंगे कि क्यों ये अध्यापक वहीं रहकर अपनी ड्यूटी क्यों नहीं करते तो जनाब इसका सीधा सा उत्तर है कि 15000 से 20000 की नौकरी करने वाला कोई भी व्यक्ति परिवार सहित इस महंगाई के जमाने में कैसे किराए के घर पर रहेगा और अपने दैनिक कार्यों को इस छोटी सी तनख्वाह से पूरा कर पाएगा. यह काफी सोचनीय विषय है और ये समस्या महिला अध्यापकों के लिए तो सौ गुना बढ़ जाती है.

क्योंकि महिलाओं को अपने अलावा अपने बच्चों के साथ-साथ सास-ससुर सहित पूरे परिवार की देखभाल भी करनी होती है. सैकड़ों किलोमीटर दूर स्टेशन देने के कारण ये महिला अध्यापिकाऐं रोजाना सफर नहीं कर सकती और न ही कम तनख्वाह के चलते अपनी ड्यूटी स्टेशन पर अपना नया घर बसा सकती है और आज के दिन तो घर बसे भी कैसे? पिछले तीन महीनों की नौकरी में खाते में ?1 भी नहीं आया है. इतने दिन अपनी जेब से या घरवालों से उधार ही लेकर काम चल रहा है यही नहीं सैंकड़ों किलोमीटर की दूरी तय करने में महिलाओं को काफी शाररिक समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा है जैसे जो महिलाएं इस समय गर्भवती है उनको दोहरे कर्तव्य निभाने पड़ रहे हैं. एक तरफ तो उनको खुद को देखभाल की जरूरत है तो दूसरी तरफ अपनी ड्यूटी की चिंता है.

ऐसे में हरियाणा कौशल राज्य के युवाओं के लिए नौकरी के मामले में गले की फांस बन गया है. एक तरफ जहां कौशल में नाम आने पर युवाओं को नौकरी की खुशी होती है तो दूसरी तरफ ज्वाइनिंग के पहले दिन भविष्य का गम सताने लग जाता है. राज्य के मुखिया मनोहर लाल खट्टर हरियाणा की विधानसभा में कह चुके हैं कि कौशल के तहत भर्ती किए गए कर्मचारी कच्चे हैं और जब इन पदों पर नियमित कर्मचारी आ जाएंगे तो उनको हटा दिया जाएगा. ऐसे में युवा नौकरी करें तो कैसे करें?

बेरोजगारी का आलम यह है कि इनको पेट के लिए यह नौकरी करनी पड़ रही है. राज्य के शिक्षित युवा आज दर-बदर की ठोकर खा रहे हैं. सरकार उनके लिए कोई कदम नहीं उठा रही. अगर उठाती है तो कौशल के नाम पर उल्लू बनाती है. अगर हम कौशल के तहत भर्ती किए गए अध्यापकों के स्थानान्तरण के मामले को सोचे तो स्कूल शिक्षा विभाग से लेकर हरियाणा कौशल के महाप्रबंधक तक को इस बात का पता नहीं है कि इस मामले में आखिरी क्या होगा? ऐसे में स्थानान्तरण की अर्जी लेकर राज्य के हज़ारों अध्यापक किस दरवाजे पर जाएँ? महिला अध्यापकों की अति संवेदनशील समस्या को अब कौन सुने? समस्या को कैसे सुलझाया जाए? यह एक गंभीर चिंता का विषय है.

हरियाणा सरकार और स्कूल शिक्षा विभाग को इस मामले को प्राथमिक तौर पर देखना चाहिए. नए अध्यापकों खासकर महिला अध्यापकों को प्राथमिकता के आधार पर नजदीकी स्टेशन पर तैनात किया जाये और उनका कार्यकाल निर्धारित किया जाए. ताकि मध्यांतर में उनको बेवजह मानसिक दबाव का सामना खासकर स्टेशन को लेकर न करना पड़े और यही नहीं हरियाणा सरकार को कौशल के तहत भर्ती किए गए अध्यापकों के वेतन बारे में ठोस कदम उठाने होंगे. अभी तक इनके खाते में ?1 भी आखिरी क्यों नहीं पहुंचा? इनके मासिक वेतन की तारीख फिक्स की जाए और समय पर तनख्वाह डाली जाए. इसके अलावा स्कूल शिक्षा विभाग कौशल कर्मचारियों/अध्यापकों की समस्याओं को नियमित कर्मचारियों की समस्याओं की तरह ही देखें और इन पर तुरंत संज्ञान लें.

तभी इन अध्यापकों के अलावा हरियाणा की शिक्षा व्यवस्था का भला होगा और यह नए भर्ती किए योग्य/उच्च शिक्षित अध्यापक अपने मानसिक दबाव को एक तरफ रख कर बच्चों के सर्वांगीण विकास में अपना शत प्रतिशत योगदान दे सकेंगे.

# क्या आपको पता है कि जब अंगूरी भाबी ने अपना पहला शॉट दिया था, तब कैमरे का लेंस ही टूट गया था?


**जीएनएस।** एण्डटीवी के कल्ट- कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' ने हाल ही में आठ साल और 2000 एपिसोड्स पूरे किये हैं। इस मौके पर हमने शो की बेहद लोकप्रिय अंगूरी भाबी, यानि शुभांगी अत्रे से इस शो के साथ और इंडस्ट्री में उनके बेहतरीन सफर पर बात की है। प्रस्तुत है उनसे हुई बातचीत के प्रमुख अंशः

## आठ साल पूरे होने की उपलब्धि पर बधाई!

आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। यह हम सभी के लिये एक खास पल है। मैं चैनल और हमारे प्रोड्यूसर्स संजय कोहली और बिनाइफर कोहली की आभारी हूँ कि उन्होंने मुझ पर विश्वास किया और मुझे यह मौका दिया। इस शो को इतना सफल बनाने में मेरे प्यारे दर्शकों और प्रशंसकों ने लगातार जो प्यार और समर्थन दिया है, उस पर उनको बधाई। मुझे लग ही नहीं रहा है कि इतने साल हो गये! इस शो के द्वारा दर्शकों को लगातार मनोरंजन देते देखना बेहतरीन है। इस शो ने मुझे पहचान, प्यार, प्रसिद्धि और यादें दी हैं, जो हमेशा मेरे साथ रहेंगी। मुझे 'भाबीजी घर पर हैं' की टीम का हिस्सा होने पर बड़ी खुशकिस्मती और गर्व का एहसास होता है। टीम के विशुद्ध समर्पण और कड़ी मेहनत का फल मिला है।

## 2. क्या आपको यह सफर इतना लंबा रहने की उम्मीद थी?

बिलकुल। अंगूरी भाबी के तौर पर मेरा सफर एक अलग मुकाम से शुरू हुआ था। यह किरदार पहले से दर्शकों के बीच बहुत लोकप्रिय था। और पहले से स्थापित किरदार अदा करना चुनौती के साथ फायदे वाला भी है। मेरे मन में तरह-तरह की भावनाएं थीं। ऐसे शो का हिस्सा बनना रोमांचक था, जिसे दर्शक पसंद करते हैं और साथी कलाकार भी बेहतरीन थे, लेकिन इसके साथ ही मुझे दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरना था। हालांकि मुझे अंगूरी भाबी के किरदार को ऊँचा उठाने और उसे सबसे मशहूर, प्यार पाने वाला और यादगार किरदार बनाने का पूरा यकीन था। और मुझे खुशी है कि दर्शकों ने खुली बाहों से मुझे अपनाया। दर्शकों के प्यार और लगाव ने मुझे यकीन दिलाया कि मैंने खुद के और अपने काम के लिये एक अलग मुकाम बनाया है।



शूटिंग के पहले दिन और पहले सीन की याद अब भी ताजा है। जब मैंने अंगूरी बनकर पहला टेक दिया, तब कैमरे का लेंस टूट गया था। शुरूआत में मुझे बहुत गुस्सा और तनाव हुआ और मैंने कहा, 'हे भगवान, ये क्या हो गया?' लेकिन फिर सारे कलाकारों और क्रू ने ताली बजाई, जिसका मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ। उन्होंने कहा, 'कैमरे का लेंस टूटना एक अच्छा शगुन है और अच्छी शुरूआत है, आप बहुत आगे तक जाएंगी!' मुझे उस कोशिश और बात से बहुत राहत मिली और अच्छा लगा। मेरा दिन ही संवर गया और शूटिंग के उस दिन की यह मेरी सबसे अच्छी यादों में से एक है।

## 3. कोई घटना, जिससे आपको यह किरदार निभाने पर गर्व हुआ?

कई घटनाएं हैं, इसलिये किसी एक के बारे में सोचना आसान नहीं होगा। लेकिन मैं आपको कुछ के बारे में बता सकती हूँ। अंगूरी का किरदार निभाने के लिये चुना जाना सपने के सच होने जैसा था। मुझे याद है कि एक अवार्ड फंक्शन में किसी ने कहा कि महान गायिका आशा भोंसले जी भी आई हैं और मुझे ढूंढ रही हैं। मैं उनसे मिली और उन्होंने यह कहकर मेरी सराहना की कि, ''मैं आपका शो देखती हूँ और मुझे आपके द्वारा अंगूरी की प्रस्तुति पसंद है।'' उन्होंने आगे कहा, ''लगता है वह किरदार आपके लिये ही था, क्योंकि यह भूमिका आपको पूरा सूट करती है। आपसे बेहतर अंगूरी दूसरी नहीं हो सकती। और आप उस शो में मेरे चहेते किरदारों में से एक हैं।'' एक लीजेंड से ऐसी खूबसूरत बातें सुनकर मैं सातवें आसमान पर थी और पूरी तरह से चकित थी।

एक और यादगार पल, जब जैकी श्रॉफ जी हमारे साथ एक कहानी की शूटिंग के लिये आये थे। जब हमने शूटिंग खत्म की, वह मेरे पास आये और कहने लगे कि 'तुम कमिटमेंट, स्टाइल और पेशेवर होने के मामले में मुझे माधुरी दीक्षित की याद दिलाती हो।' मैं खुद माधुरी दीक्षित जी की बड़ी फैन हूँ और अपने चहेते एक्टर से तुलना होना आपको मिल सकने वाली सबसे बड़ी तारीफ है। और वह तारीफ भी फिल्म इंडस्ट्री के असली ''हीरो'' से मिले, तो यह किसी सपने से कम नहीं है। मैं इतनी खुश और भावुक हो गई थी कि बता नहीं सकती।

## 4. आपका अब तक का फेवरेट एपिसोड कौन-सा है?

कई लोगों को पता नहीं है, लेकिन सानंद वर्मा द्वारा अभिनीत अनोखे लाल सक्सेना इस शो में मेरे चहेते किरदारों में से एक है। मुझे यह किरदार बहुत मनोरंजक और अनोखा लगता है। उसकी अभिव्यक्तियाँ अनमोल और बड़ी मजेदार हैं। एक कलाकार के तौर पर मैं इस भूमिका को मुश्किल मानती हूँ और दर्शकों को हंसाना आसान नहीं है। मैं भी ऐसा चुनौती वाला और मनोरंजक किरदार निभाना चाहूंगी। हालांकि खुशकिस्मती से मैंने एक कहानी में ऐसा किरदार निभाया है। मैं एक कहानी में लेडी सक्सेना बनी थी और मेरा नाम 'सक्सेनी' था और वह कहानी मस्ती और कॉमेडी से भरपूर था। मुझे सानंद जी के साथ उसकी शूटिंग में काफी मजा आया। हम दोनों पागलपंती करते नजर आ रहे थे और हमें बिजली के झटके लग रहे थे, जो कि सबसे मनोरंजक हिस्सों में से एक था। दर्शकों से भी बड़ा पॉजिटिव फीडबैक मिला और यह अब भी मेरे फेवरेट्स में से एक है।

## 5. शुभांगी और अंगूरी में कौन-सी बात एक जैसी है?

अंगूरी की तरह मेरा भी ज्यादातर वक्त घर के किचन में बीतता है और मैं दूसरों के लिये बड़ा स्नेह रखती हूँ (हंसती हैं)।

## 6. आपका ज्यादातर वक्त सेट पर बीतता है। शूटिंग के अलावा आपको किस काम में सबसे ज्यादा मजा आता है?

मेरा हर किसी के साथ अच्छा रिश्ता है, लेकिन मैं आसिफ जी, रोहिताश्व जी और हमारी डायरेक्टर मैडम हर्षदा के काफी करीब हूँ और मैडम को तो हर बात बताती हूँ। हम एक मजबूत परिवार की तरह हैं और एक साथ बहुत सारा वक्त बिताते हैं। हमारा ब्रेक का वक्त हमेशा मजेदार होता है; हम चुटकुलों पर दिल खोलकर हंसते हैं। हम रिहर्सल्स के दौरान एक-दूसरे को तंग भी करते हैं। मैं सोचती हूँ कि हमारे बीच जो रिश्ता है, उससे माहौल बड़ा मजेदार और आसानी वाला हो जाता है। मैं आसानी से कह सकती हूँ कि 'भाबीजी घर पर हैं' के सेट पर कोई पल उदासी में नहीं बीतता है।

**'भाबीजी घर पर हैं' में शुभांगी अत्रे को अंगूरी भाबी की भूमिका में देखिये, हर सोमवार से शुक्रवार रात 10:30 बजे सिर्फ एण्डटीवी पर।**

## क्या 'पुष्पास इम्पॉसिबल' में पुष्पा अपने परिवार को बचाने और दिलीप पटेल के गेम प्लान को मात देने में कामयाब होगी?



**जीएनएस।** सोनी सब का शो 'पुष्पास इम्पॉनसिबल' पुष्पाष की कहानी है, जिसने अपने उत्सा ही स्ववभाव, आशावादी सोच और जिन्दसगी को लेकर अलग नजरिये के कारण हमारे दिलों को जीता है। दर्शकों ने इस शो में हाल ही में एक रोमांचक मोड़ देखा था, जिसमें पुष्पा (करूणा पांडे) और देवी (उर्वशी ढोलकिया) ने अपहरणकर्ताओं के चंगुल से अपनी बेटियों को छुड़ाने के लिये अपनी सबसे अच्छी कोशिश की थी। दूसरी ओर, इस अपहरण का मास्टीरमाइंड दिलीप पटेल (जयेश मोरे), जोकि पुष्पाम का पूर्व-पति भी है, पुष्पास के खिलाफ एक और बुरी योजना बनाने लगा है, जिसके लिये वह अपनी और पुष्पाी की बेटी राशि का इस्तेरमाल कर रहा है। हर कोई रंगों का त्यौहार मनाने में लगा है और दिलीप भेष बदलकर राशि से मिलने जाता है।

चॉल में हर कोई बहुत खुश है और होली खेल रहा है, क्यो्ंकि देवी की मदद से पुष्पाो, राशि और रोशनी को अपहरणकर्ताओं से छुड़ा लिया गया है। दूसरी ओर दिलीप अपनी ही बेटी राशि का इस्तेवमाल अपने एक बुरे प्लाकन में करना चाहता है, ताकि पुष्पाद से बदला ले सके।

क्या पुष्पाक को दिलीप के बुरे प्लोन का पता लग जाएगा?

पुष्पाा पटेल की भूमिका निभा रहीं करूणा पांडे ने कहा, एक किरदार के तौर पर पुष्पा कभी हार नहीं मानती है, चाहे जिन्दिगी उसके सामने कैसे भी हालात लेकर आए। पुष्पाए ने अभी-अभी अपनी जिन्द गी की एक बड़ी घटना का सामना किया है, लेकिन उसका पूर्व-पति उसके खिलाफ बुरी प्लाषनिंग करने से रूक ही नहीं रहा है। यह देखना दिलचस्पि होगा कि दिलीप का प्लावन क्याउ है और पुष्पाा अपने और अपने परिवार के रास्तै में आने वाली हर स्थिति से निपटने के लिये तैयार है।


**और भी दिलचस्पा ट्विस्ट्सै के लिये हमारे साथ बने रहिये और देखते रहिये 'पुष्पा इम्पॉसिबल', सोमवार से शनिवार रात 9:30 बजे, सिर्फ सोनी सब पर।**

प्राण के बाण

## प्राण के बाण चौथी किश्त

1-
दब्बू ही यदि बने रहे तो मिलकर दुष्ट दबा लेंगे।
ये भूखे भेड़िए लपककर कच्चा तुम्हें चबा लेंगे।।
2-
वही बात कह उठे प्राण जो बाण सरीखी चुभती थी।
उस रग पर ही हाथ धर दिया छूते ही जो दुखती थी।।
3-
ज्ञान तो भगवान है ही जान भी भगवान है।
आज कल इंसान क्या शैतान भी भगवान है।।
4-
कोई नहीं विजय लिख पाता ऐसे पलटे फेरों पर।
औलाती का पानी तुमने पहुँचा दिया मुँडेरों पर।।
5-
बचते प्राण साथ देने से, बात बिगड़ती फूट किए।
चार लुटेरों ने सौ बनिए, एक एक कर लूट लिए।।
6-
पिटने की आदत हो जिनकी, बिना पिटे क्या जानेंगे।
लातों के देवता भला बातों से कैसे मानेंगे।।
7-
जो कहता था ले न सकेगा, कोई मुझे शिकंजों में।
वही कबूतर फँसा हुआ है, आज बाज के पँजों में।।

**गिरेन्द्रसिंह भदौरिया प्राण**



## मोबाइल

*मैं मोबाईल कहलाता हूं।*
*मैं अपनी कथा खुद सुनाता हूं।।*
*यूं तो छोटा सा मैं लगता हूं।*
*किंतु काम भी बड़े करता हूं।।*
*हर हाथ में आज कल रहता हूं।*
*सबको मैं प्रिय विशेष लगता हूं*
*मैं गागर में सागर रखता हूं।*
*जाने कितने काम करता हूं।।*
*समय तारीख भी बतलाता हूं।*
*बातें प्रिय से भी करवाता हूं।।*
*गम उदासी दूर भगाता हूं।*
*नृत्य गीत संगीत सुनाता हूं।।*
*दैनिक हलचल में बतलाता हूं।*
*अखबार भी बन में जाता हूं।।*
*घर बैठे परदेश घुमाता हूं।*
*शिक्षा ज्ञान आप तक लाता हूं।।*
*किंतु बुरा भी मैं कहलाता हूं।*
*सबको ही रोके मैं रखता हूं।।*
*मुझ में सबको लगाय रखता हूं।*
*जवानी को निष्क्रिय करता हूं।।*
*कार्य क्षमता आधी करता हूं।*
*हरदम फोटो शेल्फी करता हूं।।*
*सबको फिर भी मनहर प्यारा हूं।*
*सबका सनम दिलवर यारा हूं।।*



***-मनोहर सिंह चौहान मधुकर***

## खुशियो का अस्तित्व

*जबसे हमने ठान लिया कि हर हाल में,*
*हम खुश रहेंगे और मुस्कुरायेगे,*
*तब से दुःख ने भी ठान लिया ,*
*हर हाल में हमें रुलायेंगे ।*

*अजीब मसला था।,न वो हार मानता था,*
*न हम,*
*हम धोका देने लगे रास्ते बदल बदल के,*
*वो भी चलाक था ,*
*हम तक पहुँचने लगा चहरे बदल बदल के ।*

*हमने पुछा आखिर चाहते क्या हो,*
*वो बोला एक मुलाकात,*
*हम बोले चलो करलो बात,*
*जो तुमने खुश रहने कि ठानी हैं,*
*पर हमारे बिना ये सब बेमानी है।*

*हमारे बिना खुशी का आस्तित्व नहीं ,*
*हमसे मुलाकात करोगे तभी खुशीयाँ पहचानोगे,*
*बिना कष्ट के कुछ हासिल नहीं होता,*
*खुशी की कीमत तभी हैं, जबतक दुःख नहीं होता।*

***- सुरेंद्र कुमार श्रीमाली***

*भावनानी के भाव*

## भारतीयों का प्रेम

*दिल से प्रेम को भारतीयों ने ऐसे दिल में बसाया*
*भाई-बहन माता-पिता पर प्रेम बरसाया*
*अनाथ गरीब दिव्यांगों पर दुलार बरपाया*
*वो बोले हमारे लिए तो बस सेवा का दिन आया*
*प्रेम शब्द जब युवाओं के सामने आया*
*बस प्रेमिका का खुमार दिल दिमाग में छाया*
*पता नहीं युवाओं ने यह दिमाग में क्यों बसाया*
*पता चला अब पाश्चात्य तरीका है आया*
*कुछ लोगों ने प्रेम सिर्फ़ प्रेमिका पर लुटाया*
*हमने दिव्यांगों को फल देकर प्यार लुटाया*
*अनाथों गरीबों के साथ दिन बिताया दुलार बरसाया*
*जीवन की खुशियों का असली एहसास पाया*
*झूठा प्रेम पाश्चात्य सभ्यता लाया*
*देशी कर्मठ सच्चे प्यार को भुलाया*
*देशी संस्कृति से हमने सब कुछ पाया*
*पाश्चात्य झूठी प्रेम ने उन सब को भुलाया-3*

***- केशन सनमुख़दास भावनानी गोंदिया***

## गज़ल

*गर रखे तुझे शूल में*
*मिटा दे उसे धूल में*
*मिले नहीं जिससे छांव*
*मत रहे उस बबूल में*
*मत रह किसी दबाव में*
*रह अपने उसूल में*
*गलती वो न कहलाती*
*हो जाती जो भूल में*
*बात बिगड़ जाती यहॉ*
*इक थोड़ी सी तूल में*
*अगर लिया है कर्ज़ तो*
*सड़ोगे आप मूल में*
*झूठ जो भी बोलेगा*
*मिटा दे उसे धूल में*
*फूल तो सदैव रमेश*
*खिलता है वो शूल में*



***-रमेश मनोहरा***

## सिर्फ उमर न देख

**अभी बुड्ढा कहां हूं,**
**नव पल्लवित जवां हूं,**
**सीखने, लिखने की चाहत भरी है दिल में,**
**अपने आप में सारा जहां हूं,**
**हर मुश्किल से लड़ा हूं,**
**मजबूत है चट्टानी इरादें**
**कभी भरभरा कर नहीं ढहा हूं,**
**उमर के आंकड़े से न परख मुझे**
**शेर सी जिंदगी जिया हूं,**
**अन्याय बिल्कुल नहीं सहा हूं,**
**बाबा साहब का बच्चा हूं**
**हमेशा सादगी में रहा हूं।**



- राजेन्द्र लाहिरी छ. ग.

# सोनी सब के बहुप्रतीक्षित सुपरहीरो शो 'बालवीर' ने ज्यादा ऐक्शन और रोमांच के साथ की वापसी

**जीएनएस।** अपने चहेते सुपरहीरो देव जोशी के नए सीजन में नई कहानी और नए किरदारों के साथ फिर से लौटने की खबर से प्रशंसक बेहद खुश हैं, इस शो का प्रसारण 18 मार्च से हर शनिवार और रविवार शाम 7 बजे,सिर्फ सोनी सब शुरू हो रहा है। सोनी सब एक बार फिर प्रशंसकों की पसंदीदा फ्रैंचाइज़ी 'बालवीर' को लेकर आ रहा है। अब ढेर सारे रोमांच से रोमांचक यात्रा के लिए तैयार हो जाइए। एक खोई हुई पहचान, अटूट दृढ़ संकल्प और अपने प्रियजनों की रक्षा करने की वचनबद्धता के साथ दर्शकों को देखने को मिलेगा कि कैसे भारत का सबसे चहेता सुपरहीरो घोर पतन से विजयी बनकर उभरता है! देव जोशी एकदम नए सीजन में फिर यह आइकॉनिक किरदार निभाने के लिए वापसीकर रहे हैं। इस बार शो में पहले से कहीं ज्यादा ऐक्शन एवं ड्रामा होगा। इस शो में देव जोशी के अपोजिट अदिति सनवाल भी मुख्य भूमिका में नजर आयेंगी। पारिवारिक मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए जो सभी आयु के लोगों को पसंद आए, सोनी सब प्रशंसकों की पसंदीदा सीरीज को दोबारा लाने के लिए उत?साहित है। शानदार विजुअल इफेक्ट्स और धमाकेदार स्टंट्स के साथ, 'बालवीर' का यह नया संस्करण अपनी दिलचस्प कहानी, मनमोहक सेट्स और उम्‍दा अभिनय से अपने दर्शकों को रोमांचित करेगा।



शो का नया सीज़न बालवीर पर केंद्रित है जो एक 24 वर्षीय सुपरहीरो है और यह सीज़न अपने पुराने सीजन से बिल्कुल अलग होगा क्योंकि इस बार बालवीर की निजी यात्रा और उसकी जिंदगी में आने वाले उतार-चढ़ाव को दिखाया जाएगा। इस सीजन में, बालवीर अपनी शक्तियों और यादों से वंचित है और एक आम लड़के 'वीर' की जिंदगी जीने के लिए मजबूर है और यह सीज़न बालवीर द्वारा अपनी पहचान को दोबारा प्राप्त करने के इर्दगिर्द है।

आइए, बालवीर के सफर में उसके साथ जुड़े जहाँ वह एक बार फिर एक महान सुपरहीरो बनकर उभरता है। दुगने ऐक्शन और दिलचस्प ड्रामा के साथ, बालवीर का यह पुनर्जीवन सभी उम्र के लोगों एवं फैंस के लिए एक देखने लायक प्रस्तुति है।

**प्रतिक्रियायें** -नीरज व्यास, बिज़नस हेड, सोनी सब ने बालवीर के लॉन्च पर कहा,बालवीर एक ऐसी फ्रेंचाइज़ी है जिसने हमेशा हमारे दर्शकों का दिल जीता है और दर्शकों की भारी मांग पर, हम बड़े उत्साह के साथ लोगों की इस पसंदीदा सीरीज को एक नए सीज़न के साथ वापस ला रहे हैं। टेलीविजन पर एक सबसे सफल सुपरहीरो सीरीज के साथ, यह शो हर आयु के लोगों का मनोरंजन करता है और इसके माध्यम से हमने एक बेहतरीन कहानी को लोगों तक पहुंचाना जारी रखा है जो हमारे दर्शकों के दिलोदिमाग पर एक अमिट छाप छोड़ती है।

एक बार फिर से बालवीर की भूमिका निभाने जा रहे देव जोशी ने कहा,बालवीर का किरदार निभाकर मेरी ज़िंदगी ही बदल गई है । ऐसेआइकॉनिक किरदार को जीवंत करना और युवा दर्शकों से इस तरह से जुड़ना मेरे लिए सम्मान की बात है । हमारे शो की ऐसी वापसी से हम बहुत ही उत्साहित हैं और इस शो का हिस्सा बनकर मुझे बहुत खुशी हो रही है । बालवीर का किरदार बस एक हीरो तक सीमित नहीं है , वह उन सभी गुणों को दर्शाता है जो हम सबको अपने अंदर लाना चाहिए, जैसे साहस, करुणा और निस्वार्थ भाव।



सोनी सब ने हमेशा से रोचक कहानियों पर ध्यान दिया है और हम हमेशा अपने दर्शकों के लिए कुछ नया और रोमांचक लेकर आयें हैं। और बालवीर निश्चित रूप से एक ऐसा शो है जो कई लोगों के दिलों पर राज कर रहा है। मैंआभारी हूं कि जनता की मांग पर सोनी सब इस अभूतपूर्व शो को वापस ला रहा है, जिसे हर उम्र के लाखों दर्शकों ने पसंद किया है। और अधिक जानने के लिए 'बालवीर 3' देखिए, 18 मार्च से हर शनिवार और रविवार, शाम 7 बजे, सिर्फ सोनी सब पर।

मध्यप्रदेश शासन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# मिलाकर कदम से कदम
# आइये, साथ चलें हम



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

जन अभियान

मध्यप्रदेश परिषद

संगच्छध्वम् संवदध्वम्

## प्रस्फुटन समितियों एवं स्वैच्छिक संगठनों का

# महाकुंभ

जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के मेंटर्स एवं स्वैच्छिक संगठनों के 35 हजार प्रतिभागियों द्वारा सहभागिता

मुख्य अतिथि

**शिवराज सिंह चौहान**

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**18 मार्च, 2023 | अपराह्न 12:30 बजे**

**जम्बूरी मैदान, भोपाल**

D11247/22

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद

योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023


मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )